जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 10 प्रभात चूरू, बुधवार 8 मई, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*जयपुर के मालवीय नगर इण्डस्ट्रियल एरिया एवं उसके पास के रिहायशी इलाके में मंगलवार सुबह आठ बजे एक लैपर्ड घूमते हुए देखा गया। इस बात की भनक लगते ही पूरे इलाके में दहशत फैल गई। लैपर्ड ने हमला करके एक निजी कंपनी में कार्यरत मजदूर को तथा झालाना सफारी में कार्यरत जीप चालक को घायल कर दिया। लैपर्ड दिन में अधिकतर समय तक बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलजी परिसर में इधर-उधर भागता रहा, उसके बाद वहाँ से निकलकर एक घर में जाकर छुप गया, करीब एक घंटे तक घर में ही छुपा रहा। वन विभाग की टीम ने घर में छुपे लैपर्ड को ट्रैंकुलाइज़ करने का काम शुरु किया लेकिन एक शूट मिस हो जाने के बाद उसने भागकर एक फैक्ट्री कर्मचारी पर हमला कर दिया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने लैपर्ड को ट्रैंकुलाइज़ करके पिंजरे में कैद कर लिया। फिर वन विभाग ने लैपर्ड को पुनः वन क्षेत्र में छोड़ने की कवायद में शुरु की।*

# पी.आर.एन. में सोसायटी पट्टाधारकों को बिजली कनैक्शन देने पर हाईकोर्ट की मुहर

## अदालत ने अपने आदेश में जे.वी.वी.एन.एल. पर सभी तरह के अदालती आदेशों की बंदिश हटाते हुए कहा कि, वे उक्त क्षेत्र में नये बिजली कनैक्शन देना जारी कर सकते हैं

- **अदालत ने कहा कि, 2013 का आदेश लोगों को अपने मूल अधिकार से वंचित कर रहा है, और पिछले वर्ष याचिकाकर्ताओं के मामले को रद्द करना भी कानूनी त्रुटि थी।**

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 7 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पृथ्वीराज नगर (पी.आर.एन.) योजना की करीब 214 गैर अनुमोदित कॉलोनियों के करीब 17,500 भूखंड स्वामियों, जिनके पास सोसायटी पट्टे हैं, को उनके मकानों पर बिजली कनैक्शन मुहैया कराने की मंजूरी दी है। वहीं खंडपीठ ने हाईकोर्ट के 5 जुलाई 2013 के आदेश के तहत पी.आर.एन. में सोसायटी पट्टा धारक भूस्वामियों के मकानों को बिजली कनैक्शन देने पर लगाई गई रोक को भी हटा दिया है। इसके साथ ही अदालत ने एकलपीठ के गत 11 नवंबर के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें अपीलार्थियों को बिजली कनैक्शन देने से मना करते हुए उनकी याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। जस्टिस पंकज भंडारी व शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश शकुंतला शर्मा व अन्य की अपील याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि एकलपीठ का पी.आर.एन. में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन देने पर रोक लगाने का 2013 का आदेश बिजली अधिनियम 2003 की धारा 43 के प्रावधानों के खिलाफ है। अपील याचिकाओं में एकलपीठ के 11 नवंबर 2023 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अवैध कब्जाधारकों की श्रेणी में मानकर उन्हें बिजली कनैक्शन देने से मना कर दिया था। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने कहा कि उन्होंने सोसायटी पट्टों के जरिए पी.आर.एन. में जमीन खरीद कर मकान बनाए थे। शर्मा ने कहा कि बिजली अधिनियम की धारा 43 के तहत उनके मुवक्किल कब्जाधारियों की परिभाषा में आते हैं और उन्हें अधिनियम की श्रेणी में बिजली कनैक्शन मुहैया कराना विभाग का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कई बार बिजली कनैक्शन को एक मौलिक अधिकार बता चुका है।

इसी संदर्भ में पूर्व आई.ए.एस. अफसर, ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ और अधिवक्ता पी.एन.भंडारी ने अदालत को कहा कि क्योंकि बिजली कनैक्शन एक मूल सुविधा व अधिकार है, विभाग किसी भी आवेदक को इस सुविधा से वंचित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जहां तक अतिक्रमण का मुद्दा है, बिजली विभाग ना तो जांच करने का अधिकार व संसाधन रखता है कि बिजली आवेदक अवैध कब्जाधारी है या मूल कब्जाधारी है। उन्होंने कहा कि बिजली कनैक्शन से किसी भी भूखंड का स्वामित्व भी तय नहीं किया जा सकता, इसलिये अदालत को 2013 में दिये गये हाईकोर्ट के ही एकलपीठ के आदेश को रद्द करते हुए कनैक्शन की अनुमति दे देनी चाहिये। उन्होंने अदालत को कहा कि अदालती आदेश की वजह से पी.आर.एन. क्षेत्र में बिजली की भारी चोरी हो रही है और जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जे.वी.वी. एन.एल.) को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाधिवक्ता ने भी याचिकाकर्ताओं का विरोध नहीं किया और कहा कि राज्य सरकार पहले ही इस संदर्भ में कनैक्शन देने का फैसला ले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की थोड़ी सी लाज बचा दी

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने 26,000 टीचर्स की नियुक्ति को रद्द कर दिया था, पर, सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के इस आदेश पर ''स्टे'' दे दिया

- **सुप्रीम कोर्ट ने बहुत तीखी आलोचना की राज्य सरकार की, स्कूल टीचर्स के चयन व नियुक्ति में भारी अनियमितता व भ्रष्टाचार के खुले आरोप लगाये।**
- **तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का लाभ लेने का प्रयास किया, यह कहकर कि, भाजपा ने 26,000 टीचर्स की नियुक्ति रद्द करवायी थी, जो अब तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट से ''स्टे'' प्राप्त करके फिलहाल बहाल करवायी है।**

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 मई। आम चुनावों के बीच में सुप्रीम कोर्ट ने 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के प.बंगाल हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी, इससे पीड़ित शिक्षकों को भारी राहत मिली। लेकिन इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार बहुत कठोर टिप्पणियां की।

सुप्रीम कोर्ट के इस बहुआयामी फैसलों का सत्तारुढ़ पार्टी और विपक्ष भरपूर फायदा उठाने का प्रयास करते हुए अपनी छवि बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 26,000 शिक्षकों की भर्ती रद्द करने में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी पर कोर्ट ने कलकत्ता की हाईकोर्ट की उन टिप्पणियों को बहाल रखा जो उसने नियुक्ति प्रक्रिया पर फैसला सुनाते समय की थी, कि भर्ती प्रक्रिया में भारी अनियमिताएं हुई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि भर्ती प्रक्रिया के अनियमितता और रिश्वत के आरोपों की जांच, जो सी.बी.आई. कर रही है जारी रहनी चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपूर्ण योग्यता धारक प्रत्याशियों की नियुक्ति के लिए नए पद सृजित करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। इस घोटाले में शामिल होने के कारण तृणमूल कांग्रेस के कई उच्च स्तरीय नेता और मंत्री जेल में है।

सबसे महत्वपूर्ण बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्कूल भर्ती आयोग से भर्ती की नई प्रक्रिया शुरु करने को कहा है। अगर ऐसा होता है तो पता नहीं वर्तमान शिक्षकों का क्या होगा?

इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा दिए गए अनियमितताओं के जांच के आदेश के बाद भारी भ्रष्टाचार सामने आया। कम नम्बर पाने वाले छात्रों को नौकरियां मिल गई हैं। सबूत मिटाने के लिए सरकार के लोगों ने सारे रिकॉर्ड, कागजात नष्ट कर दिए।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से इन शिक्षकों को राहत मिली है जिनकी नौकरी हाईकोर्ट के आदेश से चली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीचर्स के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्यवाही न की जाए पर उन्हें अब नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया का सामना करना होगा।

इस फैसले से तृणमूल कांग्रेस को भी राहत मिली है क्योंकि शिक्षकों की भर्ती रद्द होने की प्रक्रिया फिलहाल रुक गई है। भर्ती में भारी भ्रष्टाचार और सी.बी.आई. जांच से तृणमूल की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

दूसरी ओर 26 हजार शिक्षकों की नौकरी जाने के लिए भी भाजपा के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। तृणमूल कांग्रेस कह रही है कि इन शिक्षकों की नौकरी भाजपा के कारण गई है।

कोर्ट ने कहा कि सरकार में भारी भ्रष्टाचार है और हैरानी जताई कि क्या होगा अगर जनता का सरकार से भरोसा उठ जाए तो।

# सोनिया गांधी का वीडियो जारी किया कांग्रेस ने

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 मई। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गाँधी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कड़ी आलोचना की और उन पर राजनैतिक लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि, इंडिया ब्लॉक देश के संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा करने के लिए कृत संकल्प है।

- **सोशल मीडिया पर जारी इस वीडियो में सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर राजनैतिक लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और जनता से कांग्रेस को वोट देने की अपील की।**

कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित इस दुर्लभ वीडियो में सोनिया गाँधी ने नागरिकों से बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणा में भाजपा को भारी झटका

## भाजपा सरकार अल्पमत में आयी, 3 निर्दलीय विधायकों द्वारा भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने से

- **85 सदस्यीय विधानसभा में अब भाजपा को केवल चालीस विधायकों का समर्थन प्राप्त है क्योंकि, दुष्यंत चौटाला की पार्टी, जे.जे.पी. पहले ही भाजपा सरकार का साथ छोड़कर सरकार से समर्थन वापस ले चुकी है।**
- **इस समर्थन वापस लेने की घटना के बाद, भाजपा की मुश्किलें वर्तमान लोकसभा चुनाव में और बढ़ गयी हैं, क्योंकि इन निर्दलीय विधायकों ने मौजूदा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का इरादा जताया है, इससे भाजपा के लिए 10 में से दस संसदीय सीटों पर जीतने का पुराना इतिहास दोहराना मुश्किल लगता है।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 मई। लोकसभा चुनावों के प्रचार के बीच हरियाणा से परेशान करने वाली खबर आयी है। राज्य की नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया है।

दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने पहले ही समर्थन वापस ले लिया था। सैनी की सरकार अब अल्पमत में आ गयी है क्योंकि विधानसभा के 88 सदस्यों में से भाजपा के 40 सदस्य ही हैं। बड़ी परेशानी की बात यह है कि, इस अकस्मात् घटनाक्रम के कारण, भगवा पार्टी की एन.डी.ए. के लिए 400 सीटें और स्वयं के लिए 370 सीटें जीतने की आकांक्षाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है।

हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों के लिए मई 2024 में मतदान होना है। गत 2019 के चुनावों में भाजपा ने दस में से दस सीटें जीती थीं। यद्यपि, इस बार किसानों के आंदोलन और मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाने जैसे मुद्दों के कारण कांग्रेस बड़ी चुनौती प्रस्तुत कर रही है।

कांग्रेस के नेता, इस घटनाक्रम के कारण जाहिर तौर पर काफी उत्साहित हैं क्योंकि तीन निर्दलीय विधायकों, सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलेन और धर्मपाल गोंदर ने वर्तमान चुनावों में कांग्रेस को समर्थन देने के निर्णय की घोषणा की है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रमुख उदय भान की उपस्थिति में एक प्रैसवार्ता में बोलते हुए इन विधायकों ने कहा, किसानों के लिए भाजपा की इन भेदभावपूर्ण नीतियों सहित कई कारकों के कारण उन्होंने यह निर्णय लिया है।

भान ने सैनी की सरकार के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीसरे चरण में 61.57 फीसदी वोटिंग

नई दिल्ली 7 मई (वार्ता)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से हुये मतदान में 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

- **असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत वोटिंग हुई तथा 74.32 प्रतिशत वोटिंग के साथ गोवा दूसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा प. बंगाल में भी भारी वोटिंग देखने को मिली है।**

मतदान के अंतिम आंकड़े इससे अधिक हो सकते हैं, हालांकि, वोटिंग प्रतिशत पहले और दूसरे चरण के मुकाबले कम है। कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मतदान से पूर्व उप मु.मंत्री शिवकुमार ने 25,000 पैन ड्राइव वितरित की थीं'

## पूर्व मु.मंत्री कुमारास्वामी ने डी.के. शिवकुमार पर जनता दल (एस) को जड़ से नष्ट करने का आरोप लगाया

- **पर, कुमारास्वामी उन सैक्स वीडियो के 'कंटैन्ट'' के बारे में कुछ नहीं बोले। जैसा कि, विदित है, पूर्व प्र.मंत्री देवेगौड़ा के पौत्र प्रज्वल रैवन्ना पर आरोप है कि, उन्होंने हजारों महिलाओं के साथ बलात्कार, यौन उत्पीड़न आदि दुष्कर्म करके वीडियो बनायी तथा ये वीडियो पैन ड्राइव में मौजूद हैं, जो मतदान से पूर्व कर्नाटक में बहुत भारी संख्या में वितरित की गयीं।**
- **यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि, इस बार भारी संख्या में महिलाएं मतदान के लिये आगे आयी हैं। इसका एक बड़ा कारण है, सभी महिलाओं को विधानसभा चुनाव के दौरान ''फ्री'' बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराना व प्रत्येक बी.पी.एल. परिवार की महिला को दो हजार रूपये देने का वादा।**
- **पर, सैक्स वीडियो ने यह निर्धारित किया कि, महिलाएं मतदान किस के पक्ष में करेंगी।**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 मई। कर्नाटक की शेष 14 लोकसभा सीटों के लिए जब वोटिंग चल रही थी तब भी वोटर्स के जेहन में उन घिनौने वीडियोज़ की यादें ताजा थी। पूर्व प्रधानमंत्री एवं जद (एस) के पितृ पुरुष एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र प्रज्वल रैवन्ना द्वारा अनेकों महिलाओं के साथ किए गए यौन उत्पीड़न के दृश्य थे। हालांकि, जद (एस) के नेताओं ने यह जोर देकर कहा कि, चुनावों के जारी रहने के दौरान कांग्रेस ने उनकी पार्टी को जानबूझकर बदनाम और समाप्त करने का षड़यंत्र रचा है।

इन घटिया वीडियोज़ के सामने आने के बाद जद (एस) और उसके सहयोगी दल स्तब्ध रह गए, लेकिन फिर भी वे प्रज्वल रैवन्ना की यौन उत्पीड़न पीड़िताओं को दर्शाने वाले वीडियोज़ को रिलीज़ करने के समय को लेकर प्रश्न उठा रहे हैं। एक केस तो ऐसा है जिसमें प्रज्वल रैवन्ना के पिता एच.डी. रैवन्ना पर भी यौन शोषण का आरोप है। जद (एस) और उसके सहयोगी दल वीडियोज़ रिलीज़ किए जाने के समय पर तो उंगुली उठा रहे हैं, लेकिन सीरियल रेप के इस वास्तविक स्कैण्डल पर चुप्पी साधे हुए हैं।

मंगलवार को जब कर्नाटक की 14 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग चल रही थी, तब इस घिनौने काण्ड का साया मतदान पर भी नज़र आ रहा था, क्योंकि महिलाओं ने अधिक संख्या में वोट डाले। राजनीतिक विश्लेषक यह भी मान रहे हैं कि महिलाओं की तादाद अधिक होने के कारण विधानसभा चुनावों के लिए महिलाओं से किए गए वादे हो सकते हैं, जैसे कि बस में मुफ्त यात्रा और समाज के गरीब तबके की महिलाओं को प्रत्येक 2,000 रूपये का भुगतान, हालांकि वोटिंग प्रक्रिया को कवर कर रहे कुछ कन्नड़ चैनल्स ने भी कहा कि महिलाओं के अधिक संख्या में वोट करने का कारण सीरियल रेप भी हो सकता है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद (एस) के सीनियर नेता ने चुनावों से पूर्व इन वीडियोज़ के प्रसारित होने को लेकर उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर षड़यंत्र रचने का सीधा आरोप लगाया।

सांसद प्रज्वल रैवन्ना एवं हासन से जद (एस) प्रत्याशी प्रज्वल रैवन्ना और उनके पिता एच.डी. रैवन्ना के खिलाफ एक घरेलू नौकरानी के यौन शोषण को लेकर एफ.आई.आर. दर्ज की गई है। प्रज्वल के विरूद्ध बलात्कार के केस भी दर्ज किए गए हैं। बताया जाता है कि, वह बचकर जर्मनी भाग गया है। उसके पिता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरीश चौधरी को पंजाब की जिम्मेदारी

जयपुर, 7 मई (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बायतू विधायक हरीश चौधरी को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में विशेष जिम्मेदारी देते हुए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। हरीश चौधरी पंजाबी के प्रभारी के तौर पर दो बार काम कर चुके हैं और राजस्थान के दूसरे नेता हैं, जिन्हें लोकसभा चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है। गत दिनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अमेठी लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी।

- **सचिन पायलट और सी.पी. जोशी को दिल्ली की एक-एक लोकसभा सीट दी।**

इसी के साथ सचिन पायलट को दिल्ली उत्तर पूर्व लोकसभा सीट और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सी.पी. जोशी को चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद

# जीडीपी के ऊंचे आंकड़े आम आदमी के लिए कितने काम के!

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार यह सवाल स्वाभाविक ही उठ रहा है कि क्या देश की अर्थव्यवस्था में उछाल का दावा सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदाताओं को रिझा पाएगा? यह भी सवाल महत्वपूर्ण है कि आमजन के लिए मजबूत जीडीपी के आंकडे क्या मायने रखते हैं जबकि अर्थव्यवस्था का विकास रोजगार में स्पष्ट तब्दील हुआ नज़र नहीं आ रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र, औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों द्वारा संचालित होती है। वर्तमान में नौकरियां अधिकतर सेवा क्षेत्र में मिल रही है जिसकी देश की कुल जीडीपी में हिस्सेदारी बढ़ कर करीब 54 प्रतिशत हो गई है। कृषि का जीडीपी में हिस्सा घट कर करीब 14 प्रतिशत रह गया है, किन्तु उस पर देश की करीब 50 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिए निर्भर करती है। इसे अर्थशास्त्री असहनीय बताते हैं। वास्तव में कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त कार्यबल को दूसरे क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की बड़ी चुनौती देश के नीति निर्माताओं के सामने है। इससे निबटने के लिए जरूरी है कृषि क्षेत्र में उपलब्ध कार्यबल को नये हुनर में काबिल बना कर अन्य कामों में जाने को सहज और प्रभावी बनाया जाए। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों में औद्योगिक या उत्पादन क्षेत्र रोजगार देने के बड़े स्त्रोत होते हैं। किन्तु भारत में औद्योगिक क्षेत्र की विकास दर भी उत्साहजनक नहीं कही जा सकती। यही हाल उत्पादन क्षेत्र का भी है। इसका एक बड़ा कारण देश में उपलब्ध कार्यबल के पास उद्योगों और उत्पादन क्षेत्र में काम करने लायक जरूरी स्किल का न होना बताया जाता है। देश के औद्योगिक घरानों के अनेक प्रमुख कई बार यह बात कह चुके हैं कि उन्हें काम करने वाले हुनरमंद हाथ नहीं मिलते। वे कहते हैं कि उच्च शिक्षा की डिग्रियां थामे हाथों के पास इल्म की कागजी डिग्रियां तो हैं मगर उनके पास धरातल पर काम करने का स्किल नहीं है। यह हमारी रुग्ण शिक्षा व्यवस्था का नतीजा है जिसमें ज्यादातर प्राथमिक शिक्षा चौपट है और जिसके नतीजे बाद में उच्च शिक्षा में भी नज़र आते हैं। फिर भी मौजूद सत्ता का समर्थन करने वाले लोग यह आस लगाये बैठे हैं कि तेज आर्थिक विकास का लाभ जल्द ही पूरे भारतीय समाज में ठेठ नीचे तक महसूस किया जाने लगेगा। वे सोचते हैं कि अगले तीन साल में आर्थिक अवसर कई गुना बढ़ जाएंगे। कारोबार करने में आसानी होगी और बुनियादी ढांचा तेजी से बढ़ेगा। बस थोड़ा इंतजार करें, कुछ वर्षों में देश का हर नागरिक अर्थव्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी निभाने में सक्षम होगा। यहां सौ टके का सवाल यह है कि मानव संसाधन के विकास के बिना ऐसा कैसे हो सकेगा? इसका जवाब किसी को देते नहीं बनता है। आबादी और मानव विकास विशेषज्ञ डॉ. देवेन्द्र कोठारी, जिन्होंने कभी आबादी नियंत्रण का विश्व विख्यात सफल 'विकल्प' मॉडल दिया था, ने अब मानवसंसाधन विकास के लिए एक तर्कसंगत और व्यावहारिक 'एचडी प्लस' मॉडल दिया है जिसे हर तरफ से सराहना मिली है किन्तु हमारे नीति निर्माताओं को उस तरफ देखने की फुरसत ही नहीं है क्योंकि लगता है कि वे मान कर चलते हैं कि अर्थ व्यवस्था बढ़ेगी तो सबका विकास अपने आप हो जाएगा। मगर वे भूल जाते हैं कि देश के युवाओं को आर्थिक गतिविधियों में शामिल करने के लिए उनके लिए गुणवत्ता वाली और हुनर सिखाने वाली शिक्षा की व्यवस्था करना पहली शर्त होती है। डॉ. कोठारी कहते हैं कि हमारा पड़ोसी चीन जो उपनिवेशवाद के खात्मे के बाद आर्थिक विकास के मामले में हमारे बराबर ही था, बेहतर शिक्षा पर फोकस करके अपने मानव संसाधन को सक्षम बनाते हए कहीं आगे निकल गया है तथा तीन दशकों में ही दुनिया की बड़ी ताकत बन बैठा है। डॉ. कोठारी का 'एचडीप्लस' मॉडल शिक्षा के साथ स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन की अन्य मूलभूत सुविधाओं को मिला कर रणनीति बनाने का रोडमैप प्रस्तुत करता है जिस पर सरकार को कोई अतिरिक्त पैसा नहीं खर्च करना होगा।

शासन में बैठे लोगों को लगता है कि देश में गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभ दिलाया जा रहा है उससे ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी जीत हासिल हो सकती है। इन चुनावों के नतीजे यह भी बताएंगे कि क्या कल्याणकारी योजनाएं वास्तव में काम कर रही हैं? विकास के इन मजबूत आंकड़ों के बावजूद कुछ अर्थशास्त्री मानते हैं कि जीडीपी के ये आंकड़े आर्थिक विकास का भ्रम पैदा कर रहे हैं। यह भी आंकड़ों से स्पष्ट है कि आर्थिक विकास का पैसा अमीरों की जेब में जा रहा है और आर्थिक असमानता की खाई कम होने की बजाय बढ़ती जा रही है। सकल घरेलू उत्पाद की एक इकाई बढ़ने पर कितना रोजगार बढ़ता है इसे मापने वाले अध्ययन बताते हैं कि 1980 से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। आज सकल घरेलू उत्पाद में एक प्रतिशत की वृद्धि से रोजगार में एक प्रतिशत से भी कम लाभ होता है। विपक्ष जिन प्रमुख मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति पर काम कर रहा है, उसमें बेरोजगारी और मुद्रास्फीति सहित तमाम आर्थिक चुनौतियां प्रमुख हैं। मगर सरकार को भरोसा है कि कि मार्च तक वित्तीय वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 फीसद तक पहुंच जाएगी, जो पहले के 7.3 फीसद के अनुमान से ज्यादा है। इन्हीं आंकड़ों के सहारे यह दावा किया जा रहा है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से विस्तार करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की राह पर है। अर्थशास्त्री विकास गति की स्थिरता को महत्वपूर्ण मानते हैं जो निजी उपभोग जैसी घरेलू मांग और निर्यात जैसी विदेशी मांग, दोनों पर बराबर निर्भर करती है। सत्तारूढ़ दल भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी किए गए आर्थिक आंकड़ों से खुश है जिनसे पता चलता है कि अक्टूबर–दिसंबर 2023 की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। पिछले साल इस दौरान यह बढ़ोतरी 4.3 प्रतिशत थी। स्वाभाविक ही था कि आंकड़े जारी होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने यह कहते हुए अपनी पीठ ठोकी कि इस बढ़ती वृद्धि के पीछे केंद्र सरकार की नीतियां हैं। लोकसभा चुनाव के प्रचार में सत्तारूढ़ दल इसे अपनी प्रमुख सफलताओं में एक के रूप में प्रस्तुत कर रहा है और भरोसा दिला रहा है कि आने वाले सालों में सर्वजन का विकास होगा। इसी भरोसे को देते हुए वह लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए मतदाताओं को यह कहते हुए आकर्षित कर रही है कि तेज आर्थिक विकास के लिए उनके प्रयास जारी रहेंगे, जिससे 1.4 अरब भारतीयों को बेहतर जीवन जीने में मदद मिलेगी। प्रधामन्त्री विकसित भारत 2047 नामक एक आर्थिक नीति का भी काफी दूर का रोडमैप दे रहे हैं। ब्रिटिश शासन से आजादी पाने के ठीक 100 साल बाद, यानी 2047 तक भारत को एक विकसित देश में बदलने की कार्य योजना पर भी वोट मांगे जा रहे हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग और निजी निवेश से देश के विकास को गति मिलती रहेगी। उनका दावा है कि कुल मिलाकर, अर्थव्यवस्था कई मोर्चों पर सही तरीके से काम कर रही है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए भारत की संभावित जीडीपी को लेकर एक बार फिर सोचने की जरूरत है क्योंकि उनका अनुमान यही था कि यह ज्यादा–से–ज्यादा सात फीसदी वार्षिक ही रह सकती है।

**मुख्य आर्थिक सलाहकार का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग और निजी निवेश से देश के विकास को गति मिलती रहेगी। उनका दावा है कि कुल मिलाकर, अर्थव्यवस्था कई मोर्चों पर सही तरीके से काम कर रही है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए भारत की संभावित जीडीपी को लेकर एक बार फिर सोचने की जरूरत है क्योंकि उनका अनुमान यही था कि यह ज्यादा-से-ज्यादा सात फीसदी वार्षिक ही रह सकती है।**

दूसरी तरफ कुछ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था की वास्तविक ताकत का आकलन करने के लिए ज्यादा गहराई वाले दृष्टिकोण की जरूरत है। ये अर्थशास्त्री कृषि क्षेत्र में गिरावट, असमान निजी खपत और सार्वजनिक पूंजी व्यय पर बढ़ती निर्भरता का हवाला देते हुए चेतावनी देते हैं कि जीडीपी की यह ऊंची दर संतुलित विकास को प्रतिबिंबित नहीं करती है। उनका कहना है कि जीडीपी की ऊंची वृद्धि दर उच्च मानव विकास को सुनिश्चित नहीं करती है। इसलिए दूसरे मानव विकास संकेतकों की जांच करने की भी आवश्यकता होती है। उसी से सार्वजनिक नीति को बेहतर बनाने के महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। जीडीपी के आंकड़े संगठित क्षेत्र पर आधारित होते हैं और विडंबना है कि इनका उपयोग असंगठित हिस्से को मापने के लिए किया जाता है। इसे भी अर्थशास्त्री ठीक नहीं बताते है क्योंकि वास्तव में असंगठित क्षेत्र भारतीय श्रम शक्ति के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। सच तो यह है कि इन लुभावने आंकड़ों में असंगठित क्षेत्र को अलग कर दिया गया है जिसकी वजह से ही आंकड़ों में अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन करती दिख रही है जबकि हालत वैसी नहीं है जैसी दिखाई जा रही है। अर्थव्यवस्था में असमानता बढ़ने के प्रमाण स्पष्ट तौर पर मौजूद नज़र आते हैं। हाल ही में जारी उपभोग सर्वेक्षण के आंकड़े भी इसी ओर इशारा करते हैं कि असंगठित क्षेत्र में गिरावट आ रही है, जबकि संगठित क्षेत्र बढ़ रहा है। इसके अलावा, तीसरी तिमाही में निजी उपभोग व्यय और सरकारी उपभोग व्यय पर डेटा बहुत कम सामने आया है। निजी खर्च में साल–दर–साल 3.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई जो बीस वर्षों में सबसे धीमी बताई जा रही है। जबकि सरकारी उपभोग खर्च में 3.2 फीसद की कमी आई है। इन हालात में ताजा जीडीपी आंकड़ों को दुरस्त करने की भी मांग उचित ही उठ रही है। यह किसी से छुपा नहीं है कि आंकड़ों के ताने–बाने से कैसा भ्रमजाल बुना जा सकता है। सभी सरकारें वाह–वाही लूटने के लिये ऐसा करती रही हैं।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )

# सुजानगढ़ के माण्डेता में नया भवन बनने के बाद भी किराए के भवन में चल रहा अस्पताल

## भवन का लोकार्पण 28 सितम्बर 2023 को विधायक सहित अनेक नेताओं ने किया था

**सुजानगढ़,** (निसं)। साढ़े सात माह बीत जाने के बाद भी माण्डेता में लाखों रूपयों की लागत से बना नवनिर्मित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपने ताले खुलने का इंतजार कर रहा है। भवन का लोकार्पण 28 सितम्बर 2023 को विधायक मनोज मेघवाल सहित अनेक नेताओं ने किया था। उद्घाटन के बाद से ही नया बना भवन वीरान पड़ा है। हकीकत ये है कि उद्घाटन के बाद भी 80 लाख रूपये की लागत से बनी ये बिल्डिंग अब तक चिकित्सा विभाग को हैंडओवर भी नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार 28 सितम्बर 2023 को जब इस नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया था, किराये की इमारत से यहां पर यूपीएचसी शिफ्ट होनी थी। उद्घाटन के दौरान विधायक मनोज मेघवाल ने 6 बैड का एक वार्ड उपरी मंजिल पर बनाने की घोषणा भी की थी, लेकिन करीब दो साल के समय से यू.पी.एच.सी. मांडेता में डॉक्टर का पद रिक्त बताया जा रहा है। एक तरफ जहां बगड़िया उप जिला अस्पताल में एक–एक कमरे में दो–दो चिकित्सक बिठाने पड़ रहे हैं। वहीं रेलवे माल गोदाम के पीछे किराये की इमारत में चल रही यूपीएचसी मांडेता में चिकित्सक का पद काफी लम्बे समय से खाली है। केवल नर्सिंगकर्मियों द्वारा रोज करीब 35–40 मरीजों की जांच कर दवा दी जाती है। इस बारे में मांडेता यूपीएचसी में सम्पर्क किया गया तो पता चला कि दो साल से चिकित्सक का पद खाली है। अस्पताल में 2 जीएनएम, 1 एएनएम, 1 पीएचएम, 1 एसीडीओ आदि कार्यरत हैं।

इस बारे में यूपीएचसी के पीएचएम दशरथ सारण ने बताया कि नए भवन में न तो दीवार का निर्माण ठेकेदार ने किया है और न ही पीछे की तरफ की रेत की भर्ती हुई है। असुरक्षा के कारण हमें अधिकारियों के निर्देश थे और हम यहां से शिफ्ट नहीं हो सके। हमारे अधिकारियों ने बिल्डिंग भी हैंडओवर नहीं ली। दशरथ सारण ने बताया कि ये दो कमियां अगर पूरी कर दी जाए, तो अस्पताल हाथों हाथ शिफ्ट हो जाएगा।

इस बारे में पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान कायमखानी ने बताया कि उद्घाटन होने पर लाईन पार के लोगों को उम्मीद जगी थी कि अच्छी चिकित्सकीय सेवाएं मिलकर यहां पर ये स्वास्थ्य केंद्र सुचारू संचालित होगा। लेकिन लोगों को निराशा हाथ लगी। अब हमारी मांग है कि जल्द से जल्द यहां पर अस्पताल शिफ्ट किया जाकर सेवाएं सुचारू की जाये।


माण्डेता स्थित अस्पताल का नव निर्मित भवन।

■ **लाखों की लागत से बना नवनिर्मित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताले खुलने का इंतजार कर रहा है**

# जैसलमेर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का पूरा उपयोग नहीं हो रहा

## आठ साल पहले पाँच करोड़ की लगात से तैयार किया था ट्रीटमेंट प्लांट

**जैसलमेर,** (निसं)। जेठवाई रोड पर आरयूआईडीपी द्वारा आठ साल में तैयार किए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अभी तक पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। करीब आठ साल पहले पांच करोड़ का प्लांट बनकर तैयार हो गया था जो आठ साल से चालू भी है।

इस दौरान शहर की सीवरेज लाइन से अब तक करीब 1 हजार करोड़ लीटर गंदा पानी पहुंचा लेकिन फिल्टर नहीं कर पाए। 1 हजार करोड़ लीटर पानी या तो जमीन ने सोख लिया या फिर धूप में भाप बनकर उड़ गया। नगरपरिषद की लापरवाही से इसका उपयोग नहीं किया गया। अब यदि ऐसे ही डिस्पोजल करना था तो 5 करोड़ रुपए क्यों खर्च किए गए। प्लांट का सही उपयोग नहीं हो रहा है। इस स्थिति में पानी फिल्टर नहीं किया जा रहा है। शहर पूरे में पिछले लंबे समय से सीवरेज बिछाने का काम चल रहा है। अधिकांश हिस्सों में सीवरेज बिछ चुकी है, लेकिन अभी तक सभी घरों की पानी निकासी को सीवरेज से नहीं जोड़ा गया है। एक तरफ शहर में आए दिन सीवरेज का पानी ओवरफ्लो हो रहा है तो दूसरी तरफ ट्रीटमेंट प्लांट तक क्षमता के मुताबिक पानी ही नहीं पहुंच रहा है।

जेठवाई रोड पर बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 1 करोड़ लीटर रोजाना की है। जबकि जैसलमेर में रोजाना करीब 40 लाख लीटर गंदा पानी इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक ही पहुंच रहा है। जैसलमेर शहर में करीब 10 हजार घरों को सीवरेज से जोड़ा जा चुका है। जो लक्ष्य का 65 प्रतिशत है। अभी तक सभी घरों के कनेक्शन सीवरेज में नहीं होने से अभी तक 1 करोड़ लीटर क्षमता वाले प्लांट में 40 से 50 लाख लीटर ही पानी पहुंच रहा है।

■ **शहर में सीवरेज ओवरफ्लो होने से नहीं पहुंच रहा दूषित पानी**

# मंगेरिया गांव में 15 दिन से नहीं हुई पेयजल आपूर्ति

**जोधपुर,** (कासं)। भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही अब शहर की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बिगड़ने लग गई है। कई गांवों में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं होने की वजह से वहां रहने वाले लोगों और पशु पक्षियों को भी परेशान होना पड़ रहा है। मंगलवार को भोपालगढ़ कस्बे के निकटवर्ती ढांढोरा ग्राम पंचायत के मंगेरिया ग्राम के लोग जोधपुर पहुंचे। यहां जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और नेहरू पेयजल परियोजना अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव मंगेरिया में करोड़ों रुपए की लागत से जलापूर्ति के लिए जलाशय बना हुआ है लेकिन पिछले दो सालों से पेयजल आपूर्ति समय पर नहीं हो रही है। जलाशय से माह में केवल दो से तीन दिन पानी की सप्लाई होती है जिसकी वजह से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में पिछले 15 दिनों से गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हुई है। इतना ही नहीं गांव में पानी की किल्लत दूर करने के लिए पीएचईडी की ओर से लगाया गया नलकूप भी पिछले करीब एक माह से तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़ा है।

उन्होंने बताया कि करीब नौ सौ घरों की आबादी वाले ग्रामीण बूंद–बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पेयजल के अभाव में गांव के पशु–पक्षी भी परेशान है। गांव का प्राचीन तालाब भी वर्षा जल के अभाव में सूखा पड़ा है। ऐसे में मजबूरन लोगों को पैसे देकर अन्य जगहों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर सात दिन बाद धरना देने की चेतावनी भी दी है।

# जोधपुर के बुझावड़ गांव के पास पहाड़ियों में दिखा लेपर्ड

**जोधपुर,** (कासं) जोधपुर में एक बार फिर लेपर्ड नजर आया है। इससे पूर्व गत 15 मार्च को सूरसागर क्षेत्र में लेपर्ड देखा गया था। अब बुझावड़ गांव के पास पहाड़ियों में लेपर्ड नजर आया। मौके पर गुजर रहे लोगों ने मोबाइल से लेपर्ड का फोटो और वीडियो बनाया। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी। टीम ने लेपर्ड को रेस्क्यू करने के लिए पिंजरा लगाया है। करीब डेढ़ माह बाद एक बार फिर से लेपर्ड नजर आया है। बताया जा रहा है कि यह वहीं लेपर्ड है जिसे सबसे पहले 15 मार्च को सूरसागर क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था। इसे रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग ने करीब 15 दिन तक अलग–अलग क्षेत्रों को छाना मारा था लेकिन उस समय उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद रेस्क्यू बंद कर दिया गया था। इस बार लेपर्ड बुझावड़ गांव के पास पहाड़ियों में नजर आया है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और खदानों वाले क्षेत्र में डेरा डाला। टीम को कुछ क्षेत्रों में लेपर्ड के पगमार्क मिले हैं। ज्यादातर पहाड़ी इलाका होने से रास्ते का पता नहीं चल पाया है। लेपर्ड को देखकर लोगों ने वीडियो बनाया। वीडियो में पत्थरों के बीच लेपर्ड दिख रहा है। बुझावड़ गांव से 500 मीटर की दूरी पर ही काफी खदान है। लेपर्ड ने अपना वहीं पर कोई सुरक्षित स्थाना ढूंढ़ रखा है, जहां भोजन पानी उसे सुरक्षित मिल जाता है। टीम ने लेपर्ड का रेस्क्यू करने के लिए पिंजरा भी लगाया है लेकिन मंगलवार दोपहर तक लेपर्ड का कोई सुराग नहीं मिला है। वन अधिकारियों ने बताया कि अभी गर्मी का समय होने के कारण लेपर्ड आस–पास के क्षेत्र में ही पानी के स्थान पर आएगा। ऐसे में एक टीम अलग–अलग वाटर पॉइंट पर निगरानी रखे हुए हैं।

# खेत में बमनुमा वस्तु मिलने से गांव में दहशत

**अनूपगढ़,** (निसं)। भारत–पाकिस्तान की सरहदी सीमा पर एक जिंदा बम मिलने से हड़कंप मच गया। बम मिलने की सूचना आग की तरह पूरे गांव में फैल गई, जिसके बाद स्थानीय पुलिस को बुलाया गया। मौके पर पहुंचे अफसरों ने बम की पड़ताल की तो सामने आया कि ये एक ''हैंड ग्रेनेड 36'' है। अधिकारियों ने बताया कि इस हैंड ग्रेनेड की पिन निकली हुई है, लेकिन किन्हीं कारणों से ये फटा नहीं। बम जिंदा है, लेकिन पुराना होने के कारण इसमें जंग लगी हुई है, इसी वजह से ये फटा नहीं।

जानकारी के मुताबिक् अनूपगढ़ के गांव 77 जीबी के एक खेत में बमनुमा वस्तु दिखाई दी। अवतार सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी 77 जीबी के खेत में मिले इस वस्तु को खंगालकर देखा गया तो इसका जिंदा बम होने का पता चला। इसके बाद जिंदा बम होने की खबर पुलिस को दी गई। थोड़ी देर बाद ही पुलिस अफसर मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच गए। गौरतलब है कि सरहदी इलाके में जिंदा बम मिलने की ये कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार जिंदा या निष्क्रिय बम मिल चुके हैं। भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के गांव 7 के (बी) के एक खेत में एक दिन पहले ही एक पाकिस्तानी गुब्बारा मिला था, जिसकी सूचना पर सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गुब्बारे को नष्ट किया। सीमावर्ती गांव 7 के (बी) में सुलखन सिंह पुत्र नायब सिंह ने पुलिस को सूचित किया कि जब अपने खेत में गया तो उसके खेत में एक गुब्बारा गिरा हुआ था। उस पर पाकिस्तान शब्द लिखा हुआ था। खिलौनेनुमा गुब्बारे का आकार हवाई जहाज की तरह था। गुब्बारा देखने पर उसने इसकी सूचना बीएसएफ और पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर बीएसएफ और पुलिस के अधिकारी मौके पहुंचे और गुब्बारे की जांच की। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गुब्बारे पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है।

■ **मौके पर पहुंचे अफसरों ने बम की जांच की तो सामने आया कि ये एक ''हैंड ग्रेनेड 36'' है**

# कागजों की पोटली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची महिला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पति की हत्या के मामले में न्याय पाने के लिए पिछले लम्बे समय से प्रयासरत एक महिला मंगलवार को कागजों की पोटली लेकर अपने दोनों पुत्रों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच गई। महिला ने कलेक्टर व एसपी को पोटली में मौजूद दस्तावेज दिखाने के साथ ही प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।जानकारी के अनुसार आसींद निवासी नारायणी नामक महिला ने कलेक्टर व एसपी के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि करीब 10 वर्ष पहले उसके पति का मर्डर कर दिया गया। इसके बाद परिवार के कुछ लोग उसकी सम्पति हड़पना चाहते हैं। ऐसे में उसे काफी परेशान होना पड़ रहा है। महिला ने अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।


आसींद निवासी महिला नारायणी दोनों पुत्रों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची।

■ **जिला कलेक्टर व एसपी से पति की हत्या के मामले में न्याय की गुहार लगाई**

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 8 मई, 2024

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, भरणी नक्षत्र दिन 1:34 तक, सौभाग्य योग सांय 5:40 तक, नाग करण प्रातः 8:52 तक, चन्द्रमा सांय 7:07 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–मेष, मंगल–मीन, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 1:34 से सूर्योदय तक है। आज देवकार्य अमावस्या, श्री शुकदेव जयन्ती, श्री टैगोर जयन्ती (बंगाल में) है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:05 तक, शुभ 10:44 से 12:23 तक, चर 3:41 से 5:20 तक, लाभ 5:20 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 6:59

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

**वृष**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मित्रों/रिश्तेदारों से आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
अपनी कार्य योजना अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**तुला**
परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उचित सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
घर–परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

# 'गांवों में कचरा संधारण के लिए पांच दिन में जगह का चयन करें'

झुंझुनूं, (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अम्बालाल मीणा की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सीईओ मीणा ने विकास अधिकारियों एवं सहायक अभियंताओं व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि

**■ निरीक्षण के दौरान कचरा मिला तो संबंधित कार्मिकों पर कार्यवाही की जाएगी**



**जिला परिषद् के सीईओ अम्बालाल मीणा ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

जिले के गांवों में जहां पानी भरने की स्थिति हो। वहां गंदे पानी को नाली से जोड़ा जाए या सोखता गड्ढा बनाकर पानी भरने की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। जिले की सभी 970 गांवों में तरल और ठोस कचरा ना हो ग्राम विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कचरे से संबंधित स्थिति मिली तो संबंधित कार्मिकों पर कार्यवाही की जाएगी। कचरा संधारण के लिए किसी ग्राम पंचायतों ने स्थान का चयन नहीं किया है। 5 दिवस में जगह का चयन कर लें। सरकार की मंशा के अनुरूप बिना कोताही बरते कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए। भीषण गर्मी में महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों के लिए आवश्यक छाया-पानी सहित अन्य सभी सुविधाएं कार्य स्थल पर करने के दिशा-निर्देश दिए। कार्यस्थलों पर सुविधाओं का अभाव मिला तो संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र में चल रहे नरेगा कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता से कार्य करवाएं। मनरेगा से संबंधित विभिन्न मापदंडों की समीक्षा करते हुए जिओ टेग, समयबद्ध भुगतान एवं रिजेक्ट पेमेंट से संबंधित कारवाई दो दिवस मे करने के निर्देश दिए। बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, मुख्यमंत्री जिला नवाचार निधि योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, महात्मा गांधी जनभागीदारी विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, 15वां वित्त व चौदहवां वित्त आयोग योजना, पंचम व षष्ठम वित्त आयोग, राजीव गांधी जल संचय, विलेज मास्टर प्लान, अटल भू-जल योजना सहित जिला परिषद द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में एसीईओ महेंद्र, एक्सईएन विजेंद्रसिंह ढाका, शुभकरण सिंह, कृष्णकुमार बाबल, परियोजना अधिकारी निकिता, सहायक अभियंता सुखबीर, आईईसी समन्वयक अजीतसिंह बिजारणियां, समन्वयक श्यामप्रकाश, राजाराम, सतवीर सिंह, सुमन चौधरी, विक्रम, संजू सहित सभी पंचायत समितियों से विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

## 10 छात्रों का इसरो भ्रमण हेतु चयन

सीकर, (निसं.)। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, कैम्प नास्टा व राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान, निस्पर नई दिल्ली द्वारा पालवास रोड, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस लोटस वैली में रोबोटिक एंड एआई लेबोरेट्री लैब का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कैम्प के परियोजना निदेशक आशीष मित्तल, अधिकारी मोहित कुमार, अनूप कुमार एवं आरिका माथुर रहे। रोबोटिक एंड एआई लेबोरेट्री लैब के माध्यम से प्रिंस के विद्यार्थी वैज्ञानिक गतिविधियां सीखेंगे तथा सीएसआईआर की देशभर की 37 प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों से सीधे जुड़कर वैज्ञानिक सोच एवं क्षमता को विकसित करेंगे। सीएसआईआर द्वारा देशभर की स्कूलों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं समझ की जांच हेतु आयोजित वैज्ञानिक स्वभाव एवं योग्यता के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन परीक्षा, कैम्प-नास्टा में शानदार प्रदर्शन के आधार प्रिंस एजुहब के 10 विद्यार्थियों को इसरो भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया है। कैम्प पदाधिकारियों ने चयनित विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, सर्टिफिकेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रिंस एजुहब चेयरमैन डा. पीयूष सुंडा ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

## 'जिले में बेहतर तरीके से स्काउटिंग संचालित होगी'

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय स्काउट व कब यूनिट लीडर बेसिक कोर्स शिविर के पांचवें दिन लीडर ट्रेनर एवं कब विभाग के शिविर संचालक रामावतार सबलानिया ने संभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि झुंझुनूं जिले में स्काउट गाइड के अंतर्गत नए स्कूलों को पंजीकृत कर उनमें गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया जाएगा।

सबलानिया ने प्रशिक्षण ले रहे शिविरार्थियों को कहा कि उन्हें देश एवं समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए रचनात्मक कार्य करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए और अपने विद्यालय में स्काउट गाइड संगठन की गतिविधियों नो बैग डे के दिन प्रभावी संचालन करें। इस अवसर पर सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविरार्थियों को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार, कब के गीत, विशाल गर्जना, मोगली की कहानी, सिक्स सिस्टम, मार्च पास्ट सहित विभिन्न उपयोगी जानकारी देकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीओ कालावत के अनुसार प्रशिक्षण टीम में लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया, शिवप्रसाद वर्मा, मूलचंद मूंड, मनोहरलाल रणवां, रामाकिशन सैनी, निरंजनलाल शर्मा, मक्खनलाल सैनी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## सार-समाचार

### छात्राओं के चेहरे खिले



सादुलपुर, (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजगढ में मंगलवार को सत्र 2023-24 के कक्षा 1 व 2, कक्षा 3 से 7 के आरकेएसमबीके आधारित तथा कक्षा 9 व 11 के स्थानीय परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने की। मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि परीक्षा परिणाम पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी के मारे खिल उठे। प्रधानाचार्य डॉ. बलौदा ने उत्तीर्ण सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 1 मई से नया सत्र प्रारंभ हो चुका है। विद्यालय में पीएम श्री योजनांतर्गत डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासेज, इंटीग्रेटेड साइंस लैब, बाल वाटिका, इको फ्रेंडली फर्नीचर जैसे भौतिक संसाधनों की सहायता से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ ही विभिन्न नवाचारी सहशैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आ ान किया कि वे नव सत्र में अधिकाधिक बालिकाओं को प्रवेश दिलाकर इस विद्यालय से जोडे। इस विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही उनका सर्वांगीण विकास तथा निर्धन एवं असहाय छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडना है। परीक्षा प्रभारी अनिता चौधरी एवं सहप्रभारी विक्रम सिंह ने आभार जताया। सुमेर सिंह ने छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के उपाय बताएं। इस दौरान समस्त स्टाफ सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### कांस्य पदक विजेता का स्वागत



चिड़ावा, (निसं)। मोरक्को में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2024 में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी बंटी का मंगलवार को देवरोड़ स्टेडियम पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। नॉर्थ अफ्रीका के देश मोरक्को में 26 से 28 अप्रैल तक वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्राण्ड प्रिक्स 2024 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में 183 सेमी कूद कर बंटी ने कांस्य पदक हासिल किया है। मूल रूप से चूरू जिले के थिरपाली गांव का रहने वाला बंटी रोजाना अपने गांव से 20 किमी दूर देवरोड़ स्टेडियम में साइकिल से प्रैक्टिस करने के लिए पहुंचता है। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्राण्ड प्रिक्स में पदक का श्रेय बंटी ने अपने कोच देवरोड़ स्टेडियम के खेल प्रशिक्षक जय सिंह धनखड़ को दिया है। स्टेडियम पर 2 साल की ट्रेनिंग के दौरान ही बंटी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीत कर नेशनल लेवल पर अपना सलेक्शन सुनिश्चित कर लिया था। अब अपनी पहली ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उसने कांस्य पदक हासिल किया है। स्टेडियम के स्पोर्ट्स कोच जयसिंह धनखड़ ने बताया कि बंटी आगामी पेरिस ओलम्पिक की तैयारी कर रहा है।

### परिंडे लगाने का संकल्प लिया

चूरू, (कासं)। रॉयल विकलांग विकास संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी ने भीषण गर्मी एवं पेयजल की समस्या को देखते हुए शहर में सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में आज मदरसा इंदिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में परिंडे लगाने का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे व प्रधानाध्यापिका सबीना बानो, शिक्षा अनुदेशक असलम खान, शिक्षा अनुदेशक जान मोहम्मद, शिक्षा अनुदेशिका अल्लादेई, स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव हाजी युसूफ खान रूकनखानी, अध्यक्ष समाजसेवी डॉ युनस खान रूकनखानी, जिया खान, अरूशाह खान, जैनब खान, रिया खान, अल्वी खान, हिम्मत आदि उपस्थित थे।

### कच्ची बस्तियों में अभियान चलाया

सीकर, (निसं)। राणी सती स्थित कच्ची बस्तीयों में नायक विकास सेवा समिति द्वारा मंगलवार को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालाण ने बाल विवाह रोकथाम कानून 1955 तथा प्रतिरोधक अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बाल विवाह को कानूनी जुर्म बताते हुए रोकथाम के संबंध में बताया। नायक विकास सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद नायक ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह जैसी कुरूतियों एवं रूढ़िवादी परम्पराओं को जड़ से उखाड़ फेंकने का आव्हान किया। उन्होंने बाल विवाह रोकथाम जागरुकता के लिए प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग का होना भी जरूरी बताया। कार्यक्रम के दौरान नायक विकास सेवा समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

### जिलाध्यक्ष चूड़ीवाला का अभिनंदन

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं.)। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला का होटल पारसराज में संगठन के युवा सीकर जिलाअध्यक्ष संदीप बजाज के नेतृत्व में माल्यार्पण कर दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु भूत की अध्यक्षता में आयोजित गरिमामय समारोह में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी, अग्रवाल समाज के मंत्री लखी प्रसाद बादूसरिया, उपाध्यक्ष सुरेश बजाज, सहमंत्री गोविंद जाजोदिया, संदीप पसारी, राकेश बजाज, कमल तोदी, अंकित बजाज, रवि जाजोदिया, अनिल चिरानिया, निशांत गोयनका, जयप्रकाश जाजोदिया, विनीत बजाज, गणेश मोदी, प्रफुल्ल बजाज ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चूड़ीवाला का अभिनंदन करते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया।

### विधायक गोदारा ने जनसुनवाई की

रतनगढ, (निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा ने मंगलवार को अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान गोदारा ने आमजन की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्रामीण व शहरवासियों ने विधायक को मुख्य रूप से पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा आदि विभागों से संबंधित समस्याएं प्रस्तुत की। जिस पर मौके से ही विधायक गोदारा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व शहर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चाकलान, पार्षद मुख्तियार खान, कालुराम भार्गव, दलीप सियाग, महेंद्र नायक, भागीरथ, अनवर, चुनीलाल सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व शहर वासी मौजूद रहें।

## बाल नशा मुक्ति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला बाल सरंक्षण इकाई एवं बाल नशा मुक्ति की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने जिला बाल सरंक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक में पूर्व में दिये गये दिशा-निर्देशों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान जिला औषधी नियंत्रक को निर्देशित किया कि जिले में स्कूलों, कोचिंग सेन्टरों के नजदीक संचालित मदिरा दुकानों को अन्यत्र जगह स्थानान्तरित करें। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि समस्त विद्यालयों में चाईलड राइट क्लब एवं प्रहरी क्लब के साथ ही बैठक आयोजित करके विभाग को सूचित करें एवं जिन बच्चों ने स्कूल छोड दिया या उपस्थिति अनियमित है उनकी स्कूलवार सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गये।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने निर्देश दिये कि जिले में बालश्रम के संबंध में श्रम विभाग एवं शिक्षा विभाग दोनों को समन्वय स्थापित कर ईट भट्टों पर कार्यवाही कर बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाकर शिक्षा से जोडने के निर्देश प्रदान दिये गये।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले के सभी राजकीय अस्पतालों में केडल पॉइन्ट स्थापित करे एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जिले के सभी पुलिस थानों, आंगनवाडी केन्द्रों पर नवजात शिशु को फेंके नहीं, हमें दे, पर प्रचार-प्रसार एवं पेन्टिंग करवाई जायें। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर नरेन्द्र सिंह पुरोहित, सहायक निदेशक डॉ. गार्गी शर्मा, जिला बाल सरंक्षण इकाई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

रतनगढ़, (निसं)। नेशनल हाइवे 11 पर गांव पायली के पास मंगलवार दोपहर को कार की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत हो गई। राजलदेसर थाने के एएसआई भगवानसिंह ने बताया कि मृतक 35 वर्षीय रामस्वरूप पुत्र भूराराम ब्राह्मण निवासी गांव सुलेरा तहसील लूणकरणसर है, जो कि राजलदेसर में सरकारी शिक्षक के रूप में पदस्थापित थे और रतनगढ़ में किराए के मकान में रहते थे तथा बाइक से राजलदेसर आना-जाना करते थे। मंगलवार दोपहर को रामस्वरूप राजलदेसर में अपनी ड्यूटी कर बाईक से रतनगढ़ लौट रहे थे कि दोपहर करीब डेढ़ बजे पायली के पास सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जहां शिक्षक रामस्वरूप घायल हो गए, जिनको रतनगढ़ के जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजलदेसर पुलिस ने मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर कार चालक के विरुद्ध मुकदमा कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## झाझड़िया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन चूरू के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग के नेतृत्व में मंगलवार को सर्व समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष सिहाग ने बताया कि पद्मभूषण ओलंपिक पदक विजेता देवेन्द्र झाझडिया ने चूरू जिले की स्थापना के 405वें स्थापना दिवस पर संस्थापक चूहरू जाट को नमन करते हुए सोशल मीडिया पर ऐतिहासिक इमारतों और हवेलियों की हृदयस्थली, थार मरूस्थल का द्वार कहे जाने वाले चूरू के स्थापना दिवस पर सभी नागरिकों को शुभकामनायें ट्वीट की थी। सिहाग ने बताया कि इस सद्भभावना पूर्ण पोस्ट पर कुछ असामाजिक तत्वों ने चूरू व प्रदेश की गंगा जमुनी तहजीब, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को खत्म करने वाली टिप्पणी की। ज्ञापन देने वालों में बीकानेर संभाग जाट महासभा अध्यक्ष रणवीरसिंह कस्वां,



**भारतीय किसान यूनियन चूरू के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों ने सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।**

युवा जिलाध्यक्ष रणजीत कडवासरा, भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष तेजकरण दहिया, पूर्व सरपंच रामेश्वर कस्वां, रामलाल सहारण, विजयपाल लाम्बा, पूर्व सरपंच जयचन्द्र, सुरेन्द्रसिंह, विकास मेघवाल, नेमीचन्द प्रजापत, राजेश शर्मा, आयूष खिचड़, सतवीर बेनिवाल, प्रकाश लाम्बा, धर्मेन्द्र भाम्बू, राजेन्द्र बलारा, हरफूल बेरवाल, लिछमण मेघवाल सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।

## हत्या के मामले में प्रेमी और प्रेमिका को आजीवन कारावास

सादुलपुर, (निसं)। प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी से मिलकर पूर्व प्रेमी की हत्या के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय प्रथम ने मंगलवार को प्रेमी और प्रेमिका को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

**■ प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी से मिलकर पूर्व प्रेमी की हत्या की थी**

प्रकरण अनुसार 7 फरवरी 2020 को हवा सिंह जाट निवासी खुंडिया बास ने पुलिस थाना हमीरवास में मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका पुत्र रविंद्र कुमार 15 सितंबर 2019 को दिन में करीब दोपहर 12 बजे घर से बाइक पर सवार होकर गया था जो वापस घर नहीं आया। काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। बाद में पता चला कि उसके पुत्र रविन्द्र को उसकी दोस्त पिंकी फोन करके शॉपिंग करवाने के लिए पिलानी लेकर गई। उसके पुत्र के साथ पिंकी का 04-05 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसे शक है कि पिंकी ने किसी अन्य के साथ मिलकर उसके पुत्र की हत्या कर दी।

मामला दर्ज होने के बाद जाँच के दौरान कॉल डिटेल में कॉल लोकेशन से पाया कि 15 सितंबर 2019 को रविंद्र कुमार उर्फ धोलिया ने पिंकी के पास मिलने के लिए फोन किया तो पिंकी ने हरपालु रामधन बस स्टैंड पर आने को कहा। दर्ज मामले में बताया कि रविंद्र कुमार की प्रेमिका पिंकी ने पहले से प्लान के मुताबिक रविंद्र कुमार को मोटरसाइकिल पर अपने साथ चौधरी कॉलेज के पास लेकर गई थी। जहां पहले से मौजूद डॉ. राजेश बेनीवाल गाड़ी लेकर खड़ा था। प्लान अनुसार डॉ. राजेश ने कहा कि उसकी गाड़ी खराब हो गई है, जिस पर रविंद्र कुमार गाड़ी देखने के लिए सीट पर बैठा तो डॉ. राजेश ने रविंद्र कुमार को पकड लिया तथा पिंकी ने रविंद्र कुमार को बेहोशी का इंजेक्शन लगाने की कोशिश की, लेकिन इंजेक्शन टूट गया तो पिंकी ने रविंद्र कुमार की गर्दन पर ओटी सीजर ब्लेड मार दी। जिसके कारण रविन्द्र कुमार के चोट लगने से वहीं गिर गया। बेहोश होने के बाद रविंद्र कुमार को पिंकी तथा डॉ. राजेश बेनीवाल ने अपनी गाड़ी में डालकर गांव जमाल होते हुए रविंद्र को मृत अवस्था में नहर पंजाब हैड से फेफाणा जाने वाली नोहर फीडर रोही बरवाली जिला सिरसा में डाल दिया था।

## पत्रकार पीयूष दाधीच को श्रद्धांजलि दी

चूरू, (कासं)। इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की जिला इकाई की ओर से मंगलवार को सूचना केंद्र में बैठक आयोजित कर हाल ही में दिवंगत पत्रकार पीयूष दाधीच को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने पत्रकार नरेंद्र राठौड़ की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें भी याद किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार जेपी जोशी ने कहा कि छोटी-सी उम्र में पीयूष दाधीच का इस तरह जाना हम सभी के लिए व्यक्तिगत आघात तो है ही, क्षेत्र के पत्रकारिता जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति है। सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय ने कहा कि पत्रकारिता जगत में पीयूष के योगदान को सदैव याद किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा ने कहा कि साथी पीयूष का जाना पूरे पत्रकारिता जगत के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है। उन्होंने कहा कि पीयूष ने सदैव बेहतर एवं सकारात्मक पत्रकारिता की तथा पत्रकार साथियों के लिए उनकी सहयोग भावना एवं संवेदनशीलता हम सभी के लिए प्रेरक रही। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार पवन शर्मा, मनोज शर्मा, अमित तिवारी, राजेंद्र सिंह शेखावत, सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, मांगूसिंह सहित मीडियाकर्मियों एवं जनसंपर्ककर्मियों ने श्रद्धांजलि दी।

## कलेक्टर ने अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया




**कलेक्टर शरद मेहरा ने रसोई घर में कार्यरत कार्मिकों को भोजन थाली की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।**

पाटन, (निसं)। राज्य सरकार की प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण योजनाओं की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर शरद मेहरा ने मंगलवार को जिले के इंडस्ट्रीज एरिया में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने रसोई घर में कार्यरत कार्मिकों को भोजन थाली की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक मेनू, टोकन व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, किचन व मेस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भोजन में मोटे अनाज का उपयोग भी किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया।

कलेक्टर मेहरा ने कहा कि सरकार ने गरीबों को सस्ता भोजन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस रसोई केंद्र की शुरुआत की है, इसमें जरूरतमंद लोगों को गुणवत्ता युक्त खाना मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस दौरान नीमकाथाना तहसीलदार महेश ओला भी साथ रहे।

## पोक्सो एवं एडीजे न्यायालय के न्यायाधीश को विदाई दी

चूरू, (कासं)। जिला न्यायालय परिसर चूरू स्थित जिला अभिभाषक संघ सभागार में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश अनिल बेनीवाल एवं अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनिता टेलर का स्थानांतरण होने पर विदाई तथा पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश पद पर सोनिका पुरोहित एवं अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश पद पर राजेंद्र चौधरी के कार्यग्रहण करने पर स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**चूरू में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश अनिल बेनीवाल एवं अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनिता टेलर को विदाई दी।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविंद्र सिंह थे तथा अति विशिष्ट अतिथि पारिवारिक न्यायालय में न्यायाधीश नेपाल सिंह, एससी एसटी न्यायालय में न्यायाधीश योगिता पारीक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास, मुख्य न्यायिक मस्जिट्रेट रेणु सिंघला, प्रधान मस्जिट्रेट किशोर न्याय बोर्ड चूरू कविता सौनी, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अभिभाषक संघ चूरू के अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र सैनी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविंद्र सिंह ने कहा कि पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश अनिल बेनीवाल एवं अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनिता टेलर का कार्यकाल प्रशंसनीय रहा है इसी तरह आगामी कार्यकाल के अंदर भी उक्त दोनों न्यायाधीशगण विधि एवं न्याय के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान प्रदान प्रदान करते रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता बीरबल सिंह लांबा ने कहा कि उक्त न्यायाधीशगणों ने बार और बेंच के मध्य आपसी सामजस्य बनाये रखने तथा तीव्रगति से न्यायिक निर्णय प्रदान करने में अपना अहम योगदान प्रदान किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अंतराम सोनी, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शेखावत, विजय सिंह, गोपाल शर्मा, आनंद बालन, संतोष सैनी, अनवर खान, हकीम अहमद खान, हेमसिंह, लोक अभियोजक काशीराम शर्मा, विशेष लोक अभियोजक वरूण सैनी, अपर लोक अभियोजक अनिश खान, ललित गोतम, महेश प्रताप सिंह राठौड़, सलीम खान, हसन खान, नासिर खान, सुमेर सिंह, नरेंद्र सिहाग, संजीव वर्मा, गजेंद्र खत्री, सन्तलाल सहारण, राकेश सहारण, हनुमान प्रसाद स्वामी, अनुमान सिंह, अभिषेक टावरी, जगदीश कस्वां, जिला अभिभाषक संघ के सचिव सद्दाम हुसैन, सिकन्दर खान, योगेश शर्मा, वैदही शर्मा, शिवसिंह, विकास तंवर, विकास सैनी, बाबूलाल सैनी, मनोज गहलोत, याकूब खान बीनासर, आनन्द प्रजापत, पंकज सिंह, अर्जुन सिंह, रूपा मजूमदार, गायत्री सैनी, सुनिता जांगिड़, सोनु शर्मा, शेर सिंह पुनिया, रमेश राहड, हजारी सिंह, नरेश कुदाल, गौपीराम सिहाग, श्यामलाल सैनी, योगेन्द्रसिंह शेखावत, अभिषेक पूनियां, दीपक स्वामी, सुनील मेघवाल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट बजरंग शर्मा एवं एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा ने किया। जिला अभिभाषक संघ चूरू के अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## डिफेंस स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया

झुंझुनूं। न्यू कॉलोनी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। संस्था चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने नव आगंतुक विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कालेर ने विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं एवं गत वर्ष के परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया कि उनकी शिक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**आम सूचना**
**कार्यालय सहायक खनिज अभियंता नीमकाथाना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में खनन पट्टा संख्या 518 /2005 वास्ते खनिज क्वार्ट्ज, फेल्सपार व सिलिका सैंड क्षेत्र 4.0128 हैक्टेयर निकट ग्राम लादी का बास तहसील पाटन जिला नीमकाथाना (राज) में स्वर्गीय श्री भूप सिंह पुत्र श्री भीम सिंह के नाम से स्वीकृत / धारित था । स्वर्गीय श्री भूप सिंह के निधन (मृत्यु) दिनांक 21/02/2024 को हो जाने से उनके विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती अनीता देवी द्वारा उक्त खनन पट्टा स्वयं के नाम से नामांतरण करवाने वास्ते आवेदन प्रस्तुत किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संबंध में एतराज या आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# पेपर लीक मामले के इनामी आरोपी के मकान पर एस.ओ.जी. ने दबिश दी

## दौसा स्थित मकान पर आरोपी रिंकू शर्मा के परिजन मिले और रिंकू के बारे जानकारी होने से इनकार किया

**दौसा,** (निसं)। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में राज्य सरकार की सख्ती के बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) पूरी तरह एक्शन मोड में दिखाई दे रहा है। पेपर लीक माफिया की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की कार्रवाई के बाद पूरी तरह कमर टूटी हुई दिखाई दे रही है। एसओजी लगातार विभिन्न जगहों पर दबिश देकर पेपर लीक प्रकरण के आरोपियों एवं इस मामले में सहयोग रखने वाले लोगों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर पेपर लीक प्रकरण के आरोपी रिंकू शर्मा के निवास पर रेड डालकर छापेमारी की गई। मामले में अब तक कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि फरार चल रहे आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया है। जिनकी तलाश में एसओजी की टीम लगातार दबिश दे रही है।

मामले में फरार चल रहे दौसा निवासी रिंकू शर्मा पर पुलिस महानिदेशक ने 50 हजार का इनाम घोषित किया है। जिसकी तलाश में मंगलवार को एसओजी ने जिले में कई जगह छापेमारी की। एसओजी के एएसपी नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में टीम ने कलेक्ट्रेट के पास स्थित लवकुश नगर कॉलोनी में इनामी आरोपी रिंकू शर्मा के मकान पर



इनामी आरोपी रिंकू शर्मा।

दबिश दी, जहां उसके परिजन मिले और रिंकू के बारे जानकारी होने से

- **आरोपी रिंकू शर्मा की तलाश जारी, 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है**

इनकार किया। इसके अलावा दौसा समेत जिले के कई इलाकों में दबिश दी। फरार आरोपी रिंकू, पूर्व में गिरफ्तार पेपर लीक माफिया हर्षवर्धन मीणा पटवारी का सहयोगी रहा है। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी के बाद पेपर लीक प्रकरण के कई राज उजागर होने की संभावना है।

गौरतलब है कि जेईएन भर्ती पेपर लीक प्रकरण और प्रतियोगी परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बिठाने के मामलों को लेकर एसओजी का एक्शन लगातार जारी है। पिछले कई महीने से जयपुर एसओजी की टीम ने दौसा जिले में लगातार दबिश दे रही है।

बताया जा रहा है कि पेपर लीक से जुड़े मामले में आरोपी के तार पूर्व में एसओजी द्वारा गिरफ्तार किए गए महवा निवासी हर्षवर्धन पटवारी से जुड़े हैं। फिलहाल हर्षवर्धन मीणा एसओजी की गिरफ्त में हैं। वहीं स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा लगातार दिन-रात विभिन्न टीमों का गठन कर पेपर लीक से जुडे आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

# सीमा पार से ड्रोन से आई दस करोड़ रुपए की हेरोइन पकड़ी

## बॉर्डर एरिया में डिलीवरी लेने आए दो आरोपी गिरफ्तार, एक विधि से संघर्षरत किशोर निरुद्ध

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर पाकिस्तान से ड्रोन से आई दस करोड़ रुपए की दो किलो हेरोइन की खेप बरामद की गई है। इस खेप को बॉर्डर एरिया में डिलीवरी लेने आए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जबकि एक विधि से संघर्षरत किशोर को निरुद्ध किया है। पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई के बाद मंगलवार को गजसिंहपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन व जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान मेयुवाओ को नशे की दलदल से बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। करणपुर सीओ संजीव चौहान ने बताया कि गजसिंहपुर पुलिस और बीएसएफ की जी ब्रांच ने नाकेबंदी की थी। गजसिंहपुर थाना प्रभारी राकेश

- **पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई के बाद गजसिंहपुर थाने में मामला दर्ज किया**

सांखला और बीएसएफ की जी ब्रांच ने संगराना मोड़ नजदीक 74 आरबी नहर पुल पर संगराना की तरफ से आई एक काले रंग की स्विफ्ट कार को रूकवाकर जांच की। इस कार में सवार दो आरोपी व एक विधि से संघर्षरत किशोर के कब्जा से दो किलो अवैध हैरोइन बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफतार किया गया व विधि से संघर्षरत किशोर को निरूद्ध किया गया।

इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान केसरीसिंहपुर एसएचओ जितेंद्र स्वामी को सुपुर्द की गई है। दोनों तस्करों ने स्वीकारा कि वे पाक से आई इस हेरोइन की खेप लेने के लिए गजसिंहपुर क्षेत्र में बॉर्डर के पास खेत तक पहुंचे थे। वापस पंजाब जाने लगे तो पुलिस और बीएसएफ ने दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में पंजाब के इन दोनों तस्करों ने हेरोइन अन्तर्राष्ट्रीय भारत-पाक सीमा से ड्रोन के माध्यम से पाक तस्करों से संपर्क कर मंगवाई जाना स्वीकार किया है।

बरामद हेरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड रुपए है। गिरफ्तार किए गए पंजाब के तरनतारण जिले के काजीकोट गांव निवासी 20 वर्षीय मंजीत सिंह पुत्र अजीत सिंह और इसी गांव का 36 वर्षीय निर्मल सिंह पुत्र बंता सिंह के अलावा एक विधि से संघर्षरत किशोर भी शामिल है।

# जेल प्रहरी से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। सेंट्रल जेल में बंद एक बंदी ने 15 अप्रैल को जेल प्रहरी के साथ मारपीट कर जख्मी किया था। मामले में मंगलवार को सिविल लाइन थाना पुलिस ने विचाराधीन बंदी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जहां से न्यायालय ने आरोपी बंदी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए।

आरोपी बंदी द्वारा 15 अप्रैल को खुद को जख्मी कर जेल प्रहरी के साथ मारपीट व अभद्रता की थी। मामले में जेल अधीक्षक के निर्देश पर सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। सिविल लाइन थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि 15 अप्रैल को जेल के मुख्य प्रहरी भागीरथ सिंह ने मामला दर्ज करवाया था। टीम ने कार्रवाई करते हुए विचाराधीन बंदी मनीष कटारिया को गिरफ्तार किया, जिसे मंगलवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। सेंट्रल जेल के मुख्य प्रहरी भागीरथ सिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया गया था। पीडित् ने शिकायत में बताया कि 15 अप्रैल को वार्ड 14 पर उसकी ड्यूटी थी।

गश्त के दौरान बैरक संख्या 3 में बंदी मनीष कटारिया ने उसे देखकर कुछ छुपाने की कोशिश की। उसने बैरिक खोलकर तलाशी लेना चाहा तो उसने विरोध करते हुए अभद्रता की और संदिग्ध वस्तु निगल गया। जब वह बैरक से बाहर निकलकर कार्यालय की तरफ ला रहा था। तब बंदी ने हाथापाई कर वर्दी फाड़ दी। भागीरथ ने रिपोर्ट में बताया कि उसने जान से करने व परिवार को नुकसान की धमकी दी। कार्यपालक प्रबंधक कार्यालय के मुख्य प्रहरी ने मनीष को सुनने के बाद उससे पूछा कि तब मनीष ने अभद्रता करते हुए स्वयं को चोटिल कर उसे जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर जेल अध्यक्ष आर अंतेश्वर भी पहुंच गए।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। करौली महिला थाना पुलिस ने नाबालिग से रेप और छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया है। घर में अकेला देखकर आरोपी ने पीड़िता के साथ वारदात को अंजाम दिया है। घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने एफआईआर दर्ज कराई थी। करौली महिला थाना अधिकारी मंजू फौजदार ने बताया कि पुलिस ने नाबालिग से रेप और छेड़छाड़ के आरोपी अंकित जागा पुत्र लक्ष्मी नारायण को गिरफ्तार किया है। नाबालिग पीड़िता ने पिता के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 24 फरवरी को पीड़िता घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी घर में घुस गया और पीड़िता के साथ छेड़छाड़ और रेप कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश दी लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार स्थान बदल रहा था।

# कुएं में जहरीली गैस से तीन युवकों की दर्दनाक मौत

## दो पशुओं के कुएं में गिरने के बाद उनको बचाने के दौरान हादसा हुआ

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा जिला क्षैत्र के आरणी गांव में सोमवार देर रात्रि को एक भयावह हादसा हो गया। कुएं में जहरीली गैस के होने से तीन लोगों की जान चली गई। दो पशुओं के लड़ने के दौरान उनको बचाने के दौरान यह हादसा हुआ। तीनों मृतकों के शव देर रात तक निकाल लिए गए।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे में मृतकों की पहचान शंकर (30) पुत्र हजारी माली, धनराज (22) पुत्र रामेश्वर माली, कमलेश (25) पुत्र हजारी माली निवासी आरणी के रुप में हुई है। यह घटना देर सांय के समय घटित हुई, गांव में एक नंदी व अन्य पशु के आपस में झगड़ने के बाद दोनों के अचानक कुएं में गिर जाने से आसपास खड़े कुछ युवक उनको बचाने के लिए कुएं के



जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट ने अस्पताल में घायलों का हाल-चाल जाने।

पास पहुंचे। एक-एक करके पांच युवक कुएं में उतरे, परंतु दो युवक तो जैसे-तैसे तुरंत बाहर निकल गए तीन युवक अंदर ही रह गए। तीनों ही वापस नहीं आए। इस पर किशन माली ने इसकी सूचना गांव में दी। दो युवक सुखदेव गाडरी व बाबू माली सकुशल निकल गए थे।

सूचना पर शाहपुरा जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक राजेश कांवट, शाहपुरा उपखंड अधिकारी निरमा विश्नोई, नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा, उपाध्यक्ष महावीर सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और जिला चिकित्सालय में ग्रामीणों की मदद की। जिला कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में भर्ती लोगों के इलाज की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में तीनों मृतकों शवो का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

- **पशुओं को बचाने के लिये पांच युवक कुएं में उतरे थे, दो युवक तो बाहर आ गये थे**

# कोटा संभाग में सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल उपयोग पर पाबंदी

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने स्कूलों में शिक्षकों के मोबाइल उपयोग करने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि स्कूल में शेयर मार्केट से जुड़े इन्वेस्टमेंट को टीचर्स देखते रहते हैं। साथ ही इससे शिक्षण कार्य भी प्रभावित होने की बात कही थी। अब इसी मामले में कोटा संभाग में सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल के उपयोग पर पाबंदी लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस निर्देश के अनुसार स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों को मोबाइल प्रिंसिपल के पास जमा करवाना होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त

- **स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों को मोबाइल प्रिंसिपल के पास जमा कराने के आदेश जारी**

निदेशक तेज कंवर का कहना है कि हमने आदेश डेढ़ महीने पहले ही निकाल दिए थे जिसका रिमाइंडर 2 मई को दोबारा भेजा गया है। इसके बाद यह आदेश कोटा संभाग के सभी सरकारी स्कूलों में पहुंच गया है। जारी आदेश में जॉइंट डायरेक्टर तेज कंवर के हवाले से लिखा गया है कि स्कूलों निरीक्षण के समय पाया गया है कि शिक्षक व कर्मचारी स्कूल टाइम में मोबाइल का प्रयोग निजी कार्यों के लिए कर रहे हैं। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है इसलिए मोबाइल फोन के यूज पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। इसी के तहत सभी राजकीय व मान्यता प्राप्त गैर राजकीय विद्यालयों में स्टूडेंट, टीचर और अन्य स्टॉफ क्लासरूम और स्कूल कैंपस में मोबाइल पर बात करने पर पाबंदी रहेगी। नियम का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी। इन सभी को पहली बार गलती करने पर हिदायत देकर छोड़ा जाएगा लेकिन दोबारा गलती होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्कूल के स्टॉफ और टीचर्स पर राजस्थान असैनिक सेवाएं आचरण नियम 1971 के तहत कार्रवाई सक्षम अधिकारी को प्रस्तावित की जाएगी। सभी कर्मचारियों को निर्देश दे दिया गया है कि वह अपना मोबाइल स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल को जमा कर दें। इसी आदेश में प्रिंसिपल को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्कूल में नियुक्त कर्मचारियों के मोबाइल अपने पास सुरक्षित जमा रखेंगे। इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर कोई मोबाइल का उपयोग करता स्कूल में नजर आया तब मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पीईईओ, यूसीईईओ व प्रिंसिपल के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# नौ अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कनिष्ठ विधि अधिकारी (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 तहत जारी परिणाम अन्तर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ी वर्ग के विज्ञापित पदों के विरूद्ध साक्षात्कार हेतु अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के अपात्र पाए जाने के कारण 9 अतिरिक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पूर्णत: अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन 9 मई 2024 को आयोग कार्यालय में किया जाएगा। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी।

# बदमाशों ने अधिवक्ता का अपहरण कर मारपीट की

## बदमाशों में से एक ने खुद को पाली सांसद का पीए और दूसरे ने आरएएस अफसर होना बताया

**जोधपुर,** (कासं)। बिलाड़ा की किसी लड़की प्रकरण में जोधपुर के न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या तीन में कार्यरत अधिवक्ता का कुछ लोगों ने स्कार्पियो में डालकर अपहरण कर लिया। उन्हें शिकारगढ़ की तरफ लेकर गए जहां दस-बारह जनों ने बारी-बारी से मारपीट की। आखिरकार पुलिस तक सूचना मिलने पर बदमाश अधिवक्ता को फिर से रातानाडा क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। इस बारे में अधिवक्ता की तरफ से रातानाडा थाने में धमकाने, अपहरण एवं मारपीट का प्रकरण दर्ज करवाया है। मारपीट करने वाले बदमाशों ने एक ने खुद को पाली सांसद का पीए और दूसरे ने आरएएस अफसर होना बताया है। फिलहाल आरोपियों के पकड़ में आने पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

पाली जिले के सोजत सिटी निवासी अधिवक्ता ललित पंवार पुत्र भंवरलाल की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि वे जोधपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 3 में कार्यरत है। 5 मई को किसी राकेश नाम के शख्स का फोन आया और कहा कि उसे एक महिला अधिवक्ता ने आपके नंबर दिए हैं। जिस पर राकेश नाम के इस शख्स ने मिलने

- **पुलिस तक सूचना मिलने पर अधिवक्ता को रातानाडा क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए बदमाश**
- **अधिवक्ता ने रातानाडा थाने में धमकाने, अपहरण एवं मारपीट का प्रकरण दर्ज करवाया**

के लिए रातानाडा स्थित एक निजी अस्पताल के पास बुलाया। कुछ देर बाद अधिवक्ता ललित पंवार के पास में एक महिला अधिवक्ता का फोन आया कि राकेश सर से बात कर लीजिए। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि वह अपनी कार लेकर रातानाडा स्थित एक निजी अस्पताल के पास पहुंचा। उसके साथ में पत्नी और बच्चें भी थे। वहां जाने पर एक स्कार्पियो में दो युवक मिले। जिसमें एक ने खुद को पाली जिला सांसद पीपी चौधरी का पीए होना बताया और दूसरे ने खुद को आरएएस अफसर होना बताया। बाद में इन लोगों ने अधिवक्ता से बिलाड़ा की एक लड़की के फोन नंबर और लोकेशन मांगी। तब अधिवक्ता ने कहा कि वह उनके पास में नहीं है और बिलाड़ा में एएसआई भगवान सहाय से उनकी बात हो रखी है, लड़की थाने पहुंच जाएगी।

कुछ देर बाद में एक अन्य स्कार्पियो आकर रूकी और उसमें सात आठ लोग सवार थे। इन लोगों ने उसका अपहरण कर कार में शिकारगढ़ की तरफ गए। जहां पर बारी-बारी सभी ने मारपीट की फिर मोबाइल छीन कर स्क्रीन शॉट ले लिए। इस बीच उनकी पत्नी और मां के फोन आने लगे तो बदमाशों ने बात नहीं करवाई। परिजन की तरफ से बाद में पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस को तीन लोगों की लोकेशन मिलने पर वहां पहुंची मगर बदमाश उन्हें फिर से रातानाडा लेकर आए वहां पर छोड़कर भाग गए। रातानाडा पुलिस ने बताया कि फिलहाल प्रकरण में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बदमाशों की पहचान कर तलाश की जा रही है।

# डॉक्टर से नौकरी के बहाने 1.80 लाख की ठगी

**अलवर,** (निसं)। एक डॉक्टर से ठगी का मामला सामने आया है। डॉ. अबरार अली, अलवर के सानिया हॉस्पिटल में शिशु रोग विशेषज्ञ को सऊदी अरब के फैसल स्पेशलिटी हॉस्पिटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी की है। डॉक्टर ने अब साइबर थाने में शिकायत की है। डॉ. अबरार अली मूलरूप से कोटा दादाबाड़ी के रहने वाले हैं। डॉ. से 1 लाख 38 हजार रुपए ठगे गए हैं।

डॉक्टर ने बताया कि वर्तमान में वह अलवर के रणजीत नगर में रहता है और सानिया हॉस्पिटल में काम करता है। 9 मार्च को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया और रियाद में सऊदी अरब के फैसल स्पेशलिटी हॉस्पिटल में नौकरी की पेशकश की गई। इंटरव्यू के लिए यूपीआई के माध्यम से 5500 रुपये देने की बात की। रुपए यूपीआई से भेजे गए थे। इंटरव्यू के लिए आवश्यक सभी प्रक्रियाएं पूरी कर दी गई। इसके बाद 13 मार्च से अलग-अलग बहाने कर रुपये मांगा गया। पांच बार में मैंने यूपीआई के माध्यम से कुल 1 लाख 38 हजार 400 रुपए भेजे। इसके बाद मैंने जॉब ऑफर लेटर मांगा तो कहा कि दो या तीन दिन में आ जाएगा। इसके बाद भी जॉब लेटर नहीं आया। आखिर में रुपये की मांग फिर से होने लगी। बाद में संदेह हुआ कि यह सब फर्जीवाडा है। पुलिस जांच शुरू कर दी है।

# तारानगर तहसीलदार निलंबित

**अजमेर,** (कासं)। पदीय कर्तव्यों के दुरुपयोग एवं राजकार्य में लापरवाही की दोषारोपित तारानगर तहसीलदार सोनू आर्य को राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह निर्देशानुसार निलंबित कर दिया गया है। सोनू के माध्यम से भूमि नामांतरण अथवा खातेदारी के निर्णय के प्रकरण में न्यायालय के समक्ष जवाब एवं उपलब्ध दस्तावेजों का विभागीय स्तर पर अवलोकन करते हुए राजकीय पक्ष रखा जाना था। प्रकरण में निर्णय पर न्यायालय के समक्ष राजकीय पक्ष प्रस्तुतकर्ता के रूप में अपील करने अथवा न करने का अंतिम विनिश्चय सक्षम अधिकारिता से प्राप्त कर कार्रवाई की जानी थी। लेकिन यह प्रक्रिया तहसीलदार सोनू आर्य की ओर से अमल में नहीं लाई गई। इस कृत्य को लापरवाही एवं कर्तव्यों का दुरुपयोग मान तहसीलदार को निलंबित करने के आदेश मंगलवार को जारी कर दिए गए।

# संत का अश्लील वीडियो सामने आने से लोगों में रोष

**जोधपुर,** (कासं) जोधपुर में एक प्राचीन पुराने मठ के महंत का अश्लील वीडियो और चैट सामने आई है। इसमें वह अश्लील बात करते हुए नजर आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि उसके मोबाइल में ऐसे मैसेज भी मिले, जिसमें वह गालियां भी दे रहा है। मामला जिले के बालेसर थाना क्षेत्र के ढांढनिया मठ का है। महंत के ये चैट और वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। इसे लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने बैठक भी बुलाई। इसमें निर्णय लिया गया है कि वे ग्रामीणों की निगरानी में रहेंगे। महंत का वीडियो आने के बाद लोग सोशल मीडिया पर आलोचना कर रहे हैं।

महंत का वीडियो सामने आने के बाद कोरनावटी पट्टी के लोगों की बैठक बुलाई गई। इसमें महंत को मठ के कार्यों से दूर रखने का निर्णय लिया गया है। साथ में फरमान जारी किया गया है कि महंत यदि मठ से बाहर किसी भी आयोजन में जाते हैं तो ग्रामीणों की सहमति लेनी होगी और 5 ग्रामीण साथ रहेंगे। बैठक में ग्रामीणों का कहना था कि इस हरकत से गांवों के लोगों में आक्रोश है और जल्द ही मठ से बेदखल किया जाएगा।

इधर इस मामले को लेकर विरोध दर्ज करवाने जा रहे एक शिवसेना नेता और उनकी टीम को पुलिस ने आगोलाई के पास रोक दिया। उन्हे आगे नहीं जाने दिया गया है। पुनिया ने बताया कि पुलिस उन्हें आगे नहीं जाने दे रही जबकि इस तरह की हरकत करने वालों को मठ में रहने का कोई अधिकार नहीं है। बताया जा रहा है वीडियो करीब 2 महीने पुराना है। ऐसा भी माना जा रहा है कि संत को ब्लैकमेल करने के लिए इस वीडियो को शेयर किया गया। इस मामले में किसी प्रकार कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# करंट लगने से किशोर की मौत

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड के ग्राम अड़वानिया में खेत पर कार्य कर रहे किशोर के करंट की चपेट मे आ जाने से मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया। ग्राम अड़वानिया निवासी अशराफ का पुत्र इमरान मंगलवार को अपने खेत पर फसलों को पानी दे रहा था। साथ ही खेत के ऊपर से 11 के वी की लाइन जा रही है। फसल में पानी देने दौरान किशोर के करंट लग गया। करंट लगने से किशोर मौके पर ही अचेत हो गया। जानकारी मिलने पर परिजन उपचार के लिए मसूदा के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में लेकर लाए जहां चिकित्सक ने किशोर इमरान को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मसूदा हैड कांस्टेबल बलवीर मौके पर पहुंचे एवं मृतक के परिजन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

# नकली विग लगाकर परीक्षा देने वाला गिरफ्तार

## 2023 में राजस्व अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी परीक्षा में नकल के प्रयास का मामला

**बीकानेर,** (निसं)। वर्ष 2023 में राजस्व अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी की परीक्षा में सिर पर नकली विग लगाकर नकल का प्रयास करने वाले नकल माफिया तुलसाराम कालेर के गुर्गे इनामी अपराधी को पुलिस ने पकड़ लिया है।

जिले की साइबर पुलिस ने गंगाशहर और जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना पुलिस के साथ मिलकर इस प्रकरण में फरार चल रहे हैं मुलजिम सुनील विश्नोई को दस्तयाब किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नकल के कई मामलों का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है। बीकानेर पुलिस ने जोधपुर के बाप निवासी सुनील बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है। केलनसर,बाप निवासी सुनील पर गंगाशहर व नयाशहर पुलिस थाने में नकल के 3 प्रकरण चल रहे हैं और तीनों में ये फरार है। सुनील पिछले कई महीनों से जयपुर,जोधपुर, फलौदी और गुजरात में फरारी काट रहा था। पुलिस ने उस पर नजर रखी थी, जिसके बाद उसे दबोच लिया नकल प्रकरण का अनुसंधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दीपक शर्मा कर रहे हैं।

वांछित इनामी अपराधियों को पकड़ने में साइबर सेल के एएसआई दीपक यादव की मुख्य भूमिका रही। दोनों बदमाशों पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। इनकी लोकेशन

- **आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नकल के कई मामलों का खुलासा होने की उम्मीद**

सहित अन्य टेक्निकल सपोर्ट से आरोपी का पता लगाने में सहयोग किया। वहीं, जयपुर पुलिस के पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश अमर सिंह पुत्र केशव दास निवासी बीकानेर को भी गिरफ्तार किया गया है। वो वर्ष 2022 से पुलिस थाना मानसरोवर, जयपुर दक्षिण के पोक्सो प्रकरण मे फरार था। शातिर तरीके से पिछले 2 साल से फरारी काट रहा था।



पुलिस ने नकली विग लगाकर परीक्षा देने वाले को गिरफ्तार किया।

# ‘रियायती दर पर भूमि और आयकर से छूट लेकर भी मनमानी फीस ले रहे हैं निजी स्कूल’


- **हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों की ओर से फीस एक्ट, 2016 व नियम, 2017 के विपरीत फीस लेने पर नाराजगी जताई**
- **अदालत ने 16 मई को प्रमुख शिक्षा सचिव को अदालत में हाजिर होने को कहा है**

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने निजी स्कूलों की ओर से फीस एक्ट, 2016 व नियम, 2017 के विपरीत फीस लेने पर नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा है कि निजी स्कूल कानून के अनुसार फीस तय नहीं कर रहे हैं। शिक्षा के मूलभूत अधिकार को पूरा करने के लिए राज्य सरकार निजी स्कूलों को रियायती दर पर जमीन सहित अन्य सुविधाएं दे रही है और इन स्कूलों को आयकर से भी छूट मिली हुई है। इसके बावजूद निजी स्कूल कानून के विपरीत फीस तय करने की सामाजिक गलती कर रहे हैं। इतना ही नहीं निजी स्कूल अभिभावकों को एनसीआरटी की तय की गई किताबों के अतिरिक्त किताबें, यूनिफार्म व अन्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। जस्टिस समीर जैन ने यह मौखिक टिप्पणी जितेन्द्र जैन व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने 16 मई को प्रमुख शिक्षा सचिव को अदालत में हाजिर होने को कहा है।

अदालत ने कहा है कि अभिभावकों की ओर से इस संबंध में दिए गए ज्ञापनों पर कार्यवाही नहीं होने से ही सरकारी उदासीनता प्रथम दृष्टया ही साबित है। सरकारी मशीनरी कानून की पालना में अभिभावक-शिक्षक संघ के सुझावों पर अमल करने में भी उदासीनता बरत रही हैं। इसलिए अदालत ने 18 अप्रेल को शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और केस इंचार्ज को संबंधित रिकार्ड के साथ 29 अप्रेल को पेश होने को कहा था, लेकिन ना रिकॉर्ड पेश हुआ ना ही कोई संतोषजनक जवाब ही दिया है।

याचिकाओं में कहा गया कि विद्याश्रम स्कूल सहित अन्य स्कूलों ने राजस्थान फीस एक्ट, 2016 और नियम, 2017 के विपरीत फीस में बढोतरी कर दी। अभिभावकों ने इसके खिलाफ सीबीएसई सहित सरकार को ज्ञापन दिए थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि फीस एक्ट को सुप्रीम कोर्ट सही ठहरा चुका है। एक्ट के अनुसार प्रत्येक स्कूल अभिभावक-शिक्षक संघ बनाने और एक्ट के अनुरुप ही फीस बढोतरी करने को बाध्य है। इसके बावजूद विद्याश्रम स्कूल ने 2017-18 के सत्र में करीब 45 फीसदी की बढोतरी कर दी।

# भारतीय शिल्प-स्थापत्य व संवैधानिक दृष्टि से नया संसद भवन अद्वितीय : राज्यपाल



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को नवीन संसद भवन का अवलोकन किया।**

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार को लोकसभा पहुंचे। वहां उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों ने संविधान संस्कृति और जीवन मूल्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बाद में उन्होंने नवीन संसद भवन भी देखा। वहीं बाद में राज्यपाल मिश्र ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न संवैधानिक और राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने राज्यपाल मिश्र को लोकसभा प्रकाशन के अंतर्गत प्रकाशित भारत का संविधान की प्रति भेंट की। मिश्र ने नवनिर्मित संसद भवन का अवलोकन करते हुए कहा कि भारतीय शिल्प-स्थापत्य और संवैधानिक दृष्टि से नवीन संसद भवन अद्वितीय है। उन्होंने नवीन संसद भवन में निर्मित प्राचीन भारतीय इतिहास, कला और संस्कृति से संबद्ध गैलरी, संगीत की भारतीय परम्परा से संबद्ध दीर्घा, ऐतिहासिक, पौराणिक कथानकों के आलोक में निर्मित संसद भवन की कला वीथी को अद्भुत बताया।

उन्होंने देश के सर्वोच्च लोकसभा और राज्यसभा सदनों में सदस्यों के बैठने की व्यवस्था के साथ संविधान से जुड़ी मौलिक दृष्टि संबंधित गैलरी का भी अवलोकन किया।

राज्यपाल ने नवीन संसद भवन निर्माण में हरित तकनीक के उपयोग के अंतर्गत जल संरक्षण संरचनाओं, नवनिर्मित नवीन संसद भवन के संविधान सभागार, संसद की डिजिटल कार्यप्रणाली, संसद भवन की कलात्मक शिल्प और स्थापत्य गैलरी आदि को भी देखा। उन्होंने नवीन संसद भवन की भव्यता, वहां स्थापित ऐतिहासिक और धार्मिक सेंगोल आदि को भारतीय संस्कृति के साथ संविधान से जुड़ी दृष्टि के रूप में विशिष्ट बताया।



**मौसम विभाग ने आगामी तीन दिन तापमान में बढ़ोतरी के साथ हीट वेव की चेतावनी जारी की है। अभी मौसम शुष्क होने से गर्मी में सब जगह सूना-सूना नज़र आ रहा है। जंतर-मंतर जो हमेशा पर्यटकों की आवाजाही से गुलजार रहता था, मंगलवार को खाली-खाली नज़र आ रहा है।** फोटो : राष्ट्रदूत

## बिल्डर के खिलाफ अब तक क्या जांच की?

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-8 ने जवाहर सर्किल थाना पुलिस से पूछा है कि फ्लैट खरीद को लेकर दर्ज धोखाधडी के मामले में अब तक क्या जांच की गई है। अदालत ने यह आदेश परिवादी नरेश जैन की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

सीआरपीसी की धारा 210 के तहत पेश प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता विकास सोमानी ने बताया कि चरण सिंह खंगारोत व नरेन्द्र सिंह ने दुर्गापुरा के पास द क्रेस्ट नाम से आवासीय प्रोजेक्ट शुरू किया था। परिवादी ने 6 जून, 2016 को इकरारनामे से फ्लैट खरीदा था।

# पूर्व आईएएस अजीत सिंह की पत्नी के खिलाफ वसूली दावा खारिज

**जयपुर,** (का.सं.)। जिला न्यायालय क्रम-3 ने आठ साल पहले दिए गए रात्रि भोज से जुडे पूर्व आईएएस अजीत सिंह की पत्नी किरण सिंह के खिलाफ होटल क्लार्क्स आमेर के जीएम की ओर से दायर करीब नौ लाख रूपए का वसूली दावा खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि वादी ने वसूली राशि के संबंध में कोई भी मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं किए हैं और ऐसे में वह अपने दावे को साबित करने में विफल रहा है। इसलिए वह किसी भी तरह की अनुतोष राशि भी प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

दावे में कहा गया कि 18 जनवरी 2016 को उनके यहां पर प्रतिवादी की ओर से दिए रात्रि भोज का कुल बिल 13,44,432 रुपए आया था। इसमें से प्रतिवादी ने 4.50 लाख रुपए भुगतान कर दिया था। वहीं शेष 8,94,432 रुपए बकाया का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में प्रतिवादी से ब्याज सहित बकाया दिलाया जाए। जवाब में प्रतिवादी ने बताया कि वादी होटल ने झूठे तथ्यों के आधार पर उनके खिलाफ दावा किया है। रात्रि भोज के लिए जो राशि वादी होटल ने उन्हें बताई थी उसका भुगतान उन्होंने कर दिया है। यह राशि भुगतान करते समय वादी ने उन्हें कोई बिल नहीं दिया। अब वादी की नीयत में खोट आ गया है और उसने बकाया राशि बताते हुए गलत तथ्यों पर उनके खिलाफ दावा किया है। उन्होंने किसी अन्य आईएएस के बेटे की शादी का प्रोग्राम जिस रेट पर तय किया था उसी रेट पर उसे लिया था। उस पर भरोसा कर ही उन्होंने 500 लोगों का रात्रि भोज रखा था। उनकी ओर से कोई भी राशि बकाया नहीं रखी है। इसलिए होटल प्रबंधन का दावा खारिज किया जाए।

## दुष्कर्म करने वाले युवक को सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दो माह में कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सोहनलाल उर्फ सोनू को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीडिता नाबालिग है। ऐसे में यदि अभियुक्त ने पीडिता की सहमति से भी संबंध बनाए है तो यह दुष्कर्म की श्रेणी में माना जाएगा, क्योंकि कानून की नजर में नाबालिग की सहमति कोई महत्व नहीं रखती है।

# एस.आई. पेपर लीक मामले में बहस जारी

- **सुनवाई के दौरान अदालती समय पूरा होने पर एकलपीठ ने मामले की सुनवाई बुधवार के लिए टाल दी**

**जयपुर,** (का.सं.)। एसआई भर्ती- 2021 पेपर लीक मामले के 11 ट्रेनी एसआई सहित कुल 12 आरोपियों की सशर्त रिहाई पर रोक के मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट के जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ में राज्य सरकार व आरोपियों की ओर से बहस की गई। सुनवाई के दौरान अदालती समय पूरा होने पर एकलपीठ ने मामले की सुनवाई बुधवार के लिए टाल दी। इस दौरान राज्य सरकार ने बहस में कहा कि आरोपी एसओजी की अवैध हिरासत में नहीं थे और उन्हें पूछताछ के बाद ही गिरफ्तार किया गया था। राज्य सरकार के विशेष लोक अभियोजक अनुराग शर्मा ने कहा कि आरोपियों से 2 अप्रैल को पूछताछ हुई थी और उस समय उन्हें अवैध हिरासत में नहीं लिया था। पूछताछ के बाद ही 3 अप्रैल को उन्हें गिरफ्तार किया और 24 घंटे की अवधि में कोर्ट में उनकी पेशी कर दी गई। ऐसे में राज्य सरकार ने उनकी कोर्ट में पेशी करने में किसी भी कानूनी प्रावधान की अवहेलना नहीं की है। इसके जवाब में आरोपियों की ओर से कहा कि उन्हें पूछताछ के लिए 2 अप्रैल को एसओजी ने बुला लिया था और दो दिनों तक वे उनके पास ही थे। ऐसे में इसे अवैध हिरासत में ही माना जाना चाहिए। बहस पूरी नहीं होने पर अदालत ने इसे बुधवार को भी जारी रखने के लिए कहा है। गौरतलब है कि गत 12 अप्रेल को सीएमएम, द्वितीय ने आरोपियों की अवैध हिरासत मानते हुए उन्हें रिहा करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के खिलाफ पेश अपील पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने इस आदेश पर रोक लगा दी थी। वहीं हाईकोर्ट के इस आदेश को आरोपियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दखल से इनकार करते हुए हाईकोर्ट को फैसला देने को कहा था।

## पेयजल वितरण के दौरान घर-घर जाकर जांच करने के निर्देश

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को शासन सचिवालय में सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर को संबोधित करते हुए ग्रीष्म ऋतु के दौरान सुचारू पेयजल वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जल संसाधनों की कमी के चलते राज्य में जल संरक्षण के प्रयास हेतु भी प्रोत्साहित किया।

पीएचईडी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जहां पानी की अधिक समस्या है वहां प्राथमिकता के साथ जलापूर्ति के विशेष प्रयास किए जाएं। आगामी दिनों में भीषण गर्मी एवं लू चलने की संभावनाओं के चलते समस्त सामुदायिक सुविधाओं पर भी जलापूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया आदि जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित रहें, इसके लिए आमजन को जागरूक करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द ई-ऑफिस के जरिए पत्रावलियों के निस्तारण समय में सुधार लाने के नियमित प्रयास करें। मुख्य सचिव ने सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर को नियमित रूप से क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण पर जाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीण स्तर पर रात्रि विश्राम किए जाने पर भी जोर दिया। इस बैठक में सहकारिता विभाग एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राज्य में गेहूं, सरसों एवं चने की सरकारी खरीद की समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को अधिकाधिक सरकारी खरीद सुनिश्चित करने के प्रयास हेतु निर्देशित किया।

# विधानसभा को डिजिटल करने की प्रक्रिया आरम्भ : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया है कि राजस्थान विधानसभा के सभागार में सदस्यों की सीटों पर कम्प्यूटर उपकरण स्थापित करने और विधानसभा सचिवालय को पेपरलैस किये जाने हेतु त्रिपार्टी एम.ओ.यू किया गया है।

अध्यक्षदेवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा को डिजिटल किये जाने की प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। कार्य की डी.पी.आर तैयार हो गई है। यह त्रिपार्टी मेमोरेंडम ऑफ अण्डर स्टेण्डिंग भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय, राजस्थान सरकार और राजस्थान विधानसभा के मध्य हुआ है। देवनानी ने बताया कि केन्द्र सरकार की राज्य की विधानसभाओं को डिजिटल बनाये जाने के लिए ''वन नेशन-वन एप्लीकेशन'' के तहत नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन का उपयोग किया जा रहा है। नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) से अब राजस्थान विधानसभा का सदन और सचिवालय डिजिटल हो जायेगा। इससे विधानसभा व सचिवालय की कार्यवाही पेपरलैस हो जायेगी।

देवनानी ने बताया कि इस ई-विधान एप्लीकेशन से राज्य विधानसभा के सदस्यों और अधिकारियों को कार्य करने में आसानी होगी। इस एप्लीकेशन से विधानसभा के सदन से संबंधित विधेयक, रिपोर्टस आदि की जानकारी मीडिया, अनुसंधानकर्ता और आम नागरिक देख सकेंगे। इससे विधानसभा की कार्यवाही पेपर लेस हो सकेगी और स्टेशनरी की बचत भी होगी।

# मारपीट कर एटीएम छीना, हजारों की नकदी निकाली

**जयपुर।** विश्वकर्मा इलाके में दो बदमाशों ने एक युवक से मारपीट कर उसका एटीएम छीन लिया और फिर उससे दो बार में 79 हजार 500 रुपए निकाल लिए। पुलिस के अनुसार राजपुरा सीकर निवासी रतन सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से कहीं जा रहा था। रोड नम्बर 14 पर दो बदमाशों ने उसे रोका और मारपीट कर एटीएम ले लिया। इसके बाद बदमाशों ने उसके खाते से सबसे पहले 4500 और फिर 75 हजार रुपए निकाल लिए। रुपए निकालने का पता पीड़ित को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। वहीं, हरमाड़ा इलाके में मैरिज गार्डन से दुल्हन के भाई का नकदी व जेवरात से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शादी का वीडियो और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार मुरलीपुरा निवासी प्रशांत अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया कि शादी समारोह उसका बैग चोरी हो गया।

## दो नई अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में इकोलोजिकल जोन में जेडीए स्वामित्व की करीब 5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-12 में निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर 2 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

# कांग्रेस के पास ना नेता, ना नीति और ना नीयत : दिया कुमारी

**सिरमौर/हिमाचल प्रदेश।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में शिमला लोकसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। वे शिमला से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कुमार कश्यप के प्रचार के लिए एक दिवसीय दौरे पर थी। दिया कुमारी ने सैंकड़ों पन्ना प्रमुखों को संकल्प दिया कि हर घर से एक एक वोट को बूथ तक पहुँचाने का कार्य मज़बूती से किया जायेगा।

दिया कुमारी ने विपक्ष पर बडा हमला करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस सनातन की विरोधी है और यही कारण है कि उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया। ऐसी पार्टी जनता के वोट के काबिल नही है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस आज अपने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम बता दे तो विपक्षी गठंबधन के लिए चुनाव, आज ही ख़त्म हो जायेगा।

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में जब से डबल इंजन की सरकार आयी है तब से विकास के भरपूर काम हो रहे है पर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद सारे काम ठप्प पड़े है। दिया कुमारी ने पिछले दस सालों में हुए विकास कार्यों का ज़िक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदीने किसानों, जवानों, महिलाओं, श्रमिकों, युवाओं, उद्योगपतियों के हितों का ध्यान रखा और देश ने विश्व स्तर पर पहचान बनाई है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, आईपीसी कानूनों में संशोधन जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए और इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट हुआ।

## तारानगर तहसीलदार को निलंबित किया

**जयपुर।** राजकार्य में लापरवाही की दोषारोपित तारानगर तहसीलदार सोनू आर्य को राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सोनू के माध्यम से भूमि नामांतरण अथवा खातेदारी के निर्णय के प्रकरण में न्यायालय के समक्ष जवाब एवं उपलब्ध दस्तावेजों का विभागीय स्तर पर अवलोकन करते हुए राजकीय पक्ष रखा जाना था। इस प्रकरण में निर्णय पर न्यायालय के समक्ष राजकीय पक्ष प्रस्तुतकर्ता के रूप में अपील करने अथवा न करने का अंतिम विनिश्चय सक्षम अधिकारिता से प्राप्त कर कार्रवाई की जानी थी।

## बजरी प्लॉटों की नीलामी की राह प्रशस्त

**जयपुर,** (का.सं.)। उच्च न्यायालय जोधपुर के निर्णय के साथ ही राज्य में बजरी खदानों की नीलामी की राह प्रशस्त हो गई है। माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर ने बजरी नीलामी से संबंधित पांच याचिकाओं पर राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय करते हुए चार याचिकाएं खारिज कर दी हैं वहीं एक याचिका पर दिए गए स्टे आदेश को भी निरस्त कर दिया है।

गौरतलब है कि विभाग द्वारा करीब 100 हैक्टेयर की भीलवाड़ा क्षेत्र की प्लॉट 2, 5 और 6 नंबर बजरी खदानों की नीलामी में अरावली रिसोर्सेज द्वारा अधिकतम बोली लगाई गई थी।

# राज्य में बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के निर्देश

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश में बाल विवाह रोकथाम के लिए आदेश जारी कर बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006प्रभावी होने के बावजूद भी बाल विवाह हो रहे है। पंचायती राज नियम-1996में बाल विवाह रोकने का दायित्व सरपंच पर है। न्यायालय ने अंतरिम उपाय के तौर परनिर्देश दिए है कि बाल विवाह को रोकने के लिए जाँच के संबंध में संबंधित अधिकारियों से नियमित रिपोर्ट ली जाए। माननीय न्यायालय के आदेश मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित कर निर्देश दिए हैं कि उक्त आदेश को पंच,सरपंच तथा अन्य प्राधिकारियों को प्रसारित कर बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम की जाए।

आदेश के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह जैसी कुप्रथा की रोकथाम हेतु अक्षय तृतीया (आखातीज) जैसे पर्वों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अन्य सावों पर भी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाहों के आयोजन की संभावनाएं रहती हैं। अतः बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरन्तर निगरानी रख क्षेत्र में बाल विवाह नहीं होना सुनिश्चित किया जाये। बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम एवं तहसील स्तर पर पदस्थापित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जन में जनजागृति उत्पन्न कर बाल विवाह रोके जाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़कों पर निर्बाध व सुचारू ट्रैफिक संचालन के लिए विशेष अभियान चलाएं : पंत

## मुख्य सचिव ने जयपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के सम्बन्ध में ली बैठक



**मुख्य सचिव सुधांश पन्त ने मंगलवार को शासन सचिवालय में जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में अधिकारियों की बैठक ली।**

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्य सचिव सुधांश पन्त ने कहा कि जयपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी सम्बंधित विभागों को समन्वित होकर तेजी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जयपुर की सड़कों पर निर्बाध व सुचारू ट्रैफिक संचालन के लिए विशेष अभियान चलाकर आमजन को जल्द राहत प्रदान करें।

पन्त मंगलवार को शासन सचिवालय में जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर में अधिकाधिक नई सार्वजनिक पार्किंग के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाएं और मौजूदा सार्वजनिक पार्किंग स्थानों की पूरी उपयोगिता सुनिश्चित करें। उन्होंने मैरिज गार्डन, होटल्स, रेस्टोरेन्ट आदि की सुदृढ़ पार्किंग व्यवस्था हेतु आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के लिए भी निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करें तथा ई-चालान व्यवस्था को नई तकनीक के माध्यम से और मजबूत करें। उन्होंने पुलिस, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकीविभाग और नगरीय निकायों को परियोजनाओं के निर्माण में आपसी सुझावों को सम्मिलित करते हुए समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। पन्त ने निर्देश दिए कि पैदल यात्रियों एवं साइकिल चालकों के लिए व्यवस्थित पथ निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना बनाई जानी चाहिये। इससे आमजन इको फ्रेंडली यातायात के लिए प्रोत्साहित होंगे साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक प्रयास होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि हमें भविष्य की जरूरतों के अनुसार परियोजनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे भावी पीढ़ी को एक सुनियोजित स्मार्ट शहर में रहने का अवसर मिले। मुख्य सचिव ने ट्रैफिक पुलिस द्वारा वीआईपी व धार्मिक यात्राओं के दौरान गूगल मैप के सहयोग से दी जा रही रियल टाइम जानकारी के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था समाज के हर तबके को प्रभावित करती है इसलिए इसमें सुधार के लिए नए नियमो और आधुनिक तकनीक की आवश्यकता है।

बैठक में सड़कों पर अतिक्रमण, नए ब्रिज और अंडरपास निर्माण, ई-रिक्शा पंजीकरण, पब्लिक ट्रांसपोर्ट-सिटी बसें, बॉटल नैक स्थानों, बस टर्मिनल के निर्माण, नए ट्रैफिक मोनिटरिंग कैमरा, पुराने वाहनों का निस्तारण, स्ट्रीट लाइट्स आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, जयपुर पुलिस आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर-हेरिटेज, जयपुर विकास प्राधिकरण आदि विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे का शिकार हुए सेना के जवान कर्णवीर को नम आंखों से दी विदाई

## सिग्नल कोर के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर, तिरंगा सौंपने पर छलके पिता के आंसू

■ पैतृक गांव हमीरवास में सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि की गई

**खेतड़ी**, ( निसं ) । सिंघाना थाना क्षेत्र के थली के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में सेना के जवान की भी मौत हो गई थी। मंगलवार को उनके पैतृक गांव हमीरवास में सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि की गई। जवान का शव जैसे ही उनके घर पंहुचा तो पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया।

इस हादसे में हमीरवास के दो जने शिकार हुए थे। जब सेना के जवानों की ओर से जवान कर्णवीर के पिता सेवानिवृत्त हवलदार शीशराम को तिरंगा सौंपा तो उसके आंसू छलक पड़े। सिंघाना थाना क्षेत्र के थली के पास स्कार्पियो ओर बस की भिड़ंत में पांच जनों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि स्कार्पियो में सवार सेना का जवान हादसे से पहले अपने भाई विकास के साथ भतीजे का सिमनी स्थित निजी स्कूल में एडमिशन का फार्म लेने के लिए गया था। इस बाद स्कूल से लौटकर अपने भाई विकास व भतीजे को घर पर छोड़ सिंघाना घर का सामान लेने के लिए निकाला था। गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर जाने के बाद पहले उसकी गाड़ी की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हुई। इसके बाद स्कार्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर मिनी बस में घुस गई। मृतक फौजी भारतीय सेना की सिग्नल रेजिमेंट में जबलपुर में हवलदार के पद पर कार्यरत था। वह 2015 में भारतीय सेना में भर्ती हुआ था। इनके पिता शीशराम भी भारतीय सेना में थे जो करीब आठ साल पहले हवलदार के पद रिटायर्ड हुए थे ओर अब घर पर ही रहते है। कर्णवीर की शादी 2016 में कोटपूतली के बिंजाहेडा निवासी मीरा के साथ हुई थी। इनके एक चार साल की बेटी पबीना है। इसी हादसे का शिकार हुए स्कार्पियो गाड़ी में सवार रिंकू पुत्र बलवीर का देर शाम को अंतिम संस्कार कर दिया था। हादसे में बाइक सवार चोबारा की ढाणी निवासी सुरेश यादव, बस ड्राइवर मानपुरा निवासी हनुमान सिंह, नारेड़ी निजामपुर निवासी साहिल उर्फ राहुल की मौत हो गई थी, जबकि बीस लोग घायल हो गए थे। जवान कर्णवीर को बड़े भाई विकास व चचेरे भाइयों ने मुखाग्नि दी। इस दौरान सिग्नल कोर के सुबेदार राजीव, बुहाना एसडीएम हेमंत कुमार, थानाधिकारी कैलाशचंद्र यादव, नौरंग , विकास ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बजरंग पोसवाल, लालचंद, सुमेर , राकेश , प्रवीण , पवन , गिरधारी , कृष्ण , सुखदेव, रोहिताश पोसवाल, अशोक सहित अनेक लोग मौजूद थे।



सेना के जवानों की ओर से जवान कर्णवीर के पिता को तिरंगा सौंपा।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**चूरू, (कासं.)।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती रा उ मा वि ग्राम गाजसर के सभागार में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सिविल राइट सोसायटी चूरू के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आयोजित किया। मुख्य वक्ता जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य एवं जिला सिविल राईट सोसायटी के अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने बच्चों को बाल विवाह, किशोर न्याय अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता कानून आदि की जानकारी देते हुए संस्कारित शिक्षा, सुस्वास्थ्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर सम्बोधन देते हुए कहा कि चरित्र उज्जवल रखना है। भले कोई नहीं देखें, भगवान उसे देखता है। चरित्र खोया हुआ इंसान अन्दर से खोखला हो जाता है और खोखला हुआ इंसान जीवन में कोई बाजी नहीं जीत पाता है। कार्यक्रम में अनिल शमा, अंजुला जोशी, सीमा टेलर, कर्णपाल सिंह, पवन शर्मा, विक्रम सिंह, इन्दिरा दतुसला, सुमन, सूदेश सिंह, हरिकृष्ण शर्मा, संगीता शर्मा, राजकुमार शर्मा, शुभ कर्म माहिच, अमित सैनी ने सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन विष्णु दत स्वामी ने किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

■ गंभीर हालत में नीमकाथाना किया रैफर

**खेतड़ी**, ( निसं) बबाई के पास देर रात को एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में घायल हुए व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद नीमकाथाना जिला अस्पताल में रैफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार पचलंगी निवासी संदीप सैनी (27) पुत्र सरदार राम ने करमाड़ी में वर्कशॉप पर काम करता था। रात करीब दस बजे वह काम खत्म होने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था। बबाई के पास पहुंचा तो पिछे से आ रहे वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान वह सड़क पर ही गिरने से घायल हो गया। हादसे के दौरान टक्कर लगने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा घायल बाइक सवार संदीप कुमार को बबाई के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान उसकी हालत गंभीर होने पर उसे नीमकाथाना रैफर कर दिया गया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी। तेज गति से चल रहे खनन के ओवरलोड पत्थर के डंपर द्वारा साईड नही देने के कारण हादसा हो गया। स्थानिय निवासी ने बबाई अस्पताल मे भर्ती करवाया गया। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी ने मांग की नीमकाथाना से खेतड़ी तक राज्य सरकार की ओर से नई सड़क बनाई जा रही है। स्टेट हाईवे 13 पर कोई स्पीड ब्रेकर नही होने से ओवरलोड डंपर तेज गति से दौड़ रहे है, जिसके चलते अन्य लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने करमाडी पपुरना के बीच स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है ताकि तेज गति से चलने वाले ओवरलोड डंपरों व वाहनों की गति नियंत्रित हो सके तथा हादसों में कमी लाई जा सके। घटना की सूचना पर बबाई थानाधिकारी सरदारमल यादव मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई। हादसे के बाद गाड़ी ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। थानाधिकारी ने बताया कि घायल का उपचार करवाया जा रहा है। टक्कर मारने वाले वाहन की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 'योग ही जीवन जीने की कला है'

**पाटन**, (निसं)। महावा के नजदीक घूघाड़ी धाम में तीन दिवसीय योग व प्राणायाम शिविर आयोजित किया गया, जो सन्तों की प्राचीन तपोस्थली मानी जाती है। इसी जगह कठोर तपस्या के बल पर अपने जीवन में योग विद्या पर जीवन जीने के लिए सफल बनाया और इस पहल पर अवध बिहारी महाराज ने भी योग विद्या के बल पर आम जन को निरोगी जीवन जीने का संदेश देते हुए शिविर का आयोजन किया । आसपास की ढाणियों व गांवो से काफी संख्या में लोग अपने स्वास्थ्य को सही करने के लिए शिविर में भाग लिया।भारत स्वाभिमान के जिला मुख्य संयोजक कुरड़ा राम ने योग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि व्यक्ति को खानपान का ध्यान रखते हुए प्रतिदिन सुबह योगासन व प्राणायाम जरूर करें। कुरडा राम का मूल गांव कोटडा के पास पीला जोहड़ा है, तथा शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य के पद से सेवा निवृत होकर आम जन के स्वास्थ्य के लिए सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में पतंजलि योग समिति नीमकाथाना के जिला मंत्री प्रकाश मिश्र ने भी तीन दिवसीय शिवर में योगासन,प्राणायाम एवं एक्यूप्रेशर की जानकारी दी। इस धाम के लिए समर्पित भावना से सेवा देने वालों में कल्याण, नागर, महावीर हजारी, महावीर, दीपक आदि मौजूद रहे।

# रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के उपलक्ष में सेमिनार आयोजित

**उदयपुरवाटी**, (निसं)। शहर के घूमचक्कर के पास आर्यन कम्प्यूटर्स सेंटर पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय केंद्र प्रभारी सुनीता बहन के मुख्य आतिथ्य एवं कंप्यूटर सेंटर के निदेशक संजय कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में दुनिया के महान कवि, उपन्यासकार व मानवतावादी विचारक गुरूदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती के उपलक्ष में एक सेमिनार का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । संगोष्ठी में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय केंद्र प्रभारी सुनीता बहन ने कहा कि मानव सेवा प्रेम तथा भाईचारे का व्यवहार संसार का सबसे बड़ा नेक सिद्धांत है, मनुष्य के सुप्त विवेक को सद्ज्ञान से ही जागृत किया जा सकता है, उन्होंने प्रतियोगी विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति सकारात्मक सोच रखने के लिए ध्यान, मेडिटेशन, के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी । सर्वोदय कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर ने भी भारतीय राष्ट्रगान के रचयिता गुरूदेव रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी साहित्य रचनाएं विश्व के लिए महान कृति हैं जो सदैव सद्ज्ञान एवं राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित करती रहेंगी । गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन से प्रेरणा लेकर देशभक्ति एवं मानव सेवा का पाठ सीखें । कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर का साहित्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान था, इसी योगदान के लिए उनको साहित्य के नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया । आजादी के महान संग्राम में रवींद्रनाथ ने जो राष्ट्र जागरण का अलख जगाया है, वह अविश्वरणीय है । इस अवसर पर सुनील कुमार तंवर ने भी गुरूदेव टैगोर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला । कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय कुमार जांगिड़ ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया । कार्यक्रम का संचालन मुरारीलाल जांगिड़ ने किया । इस दौरान कार्यक्रम में संजय , ज्योति , अनिल चाहर, उमेश मीणा, आबिद,आकीब, मोनिका, बबिता , अफरीन , ज्योति , नागेश, पूजा सहित कई मौजूद रहे ।



रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती के उपलक्ष में एक सेमिनार का आयोजन किया गया ।

# न्याय मित्र के.के. गुप्ता दो दिवसीय झुंझुनू जिले के दौरे पर रहेंगे

■ निकाय झुंझुनूं और नवलगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों का करेंगे निरीक्षण

**झुंझुनूं**, (निसं)। स्थाई एवं अनवरत और लोक अदालत जिला झुंझुनू द्वारा वर्ष 2022 में नगर परिषद झुंझुनूं और नगर पालिका मंडावा तथा नवलगढ़ के लिए नियुक्त किए गए न्याय मित्र केके गुप्ता आगामी 09 और 10 मई को झुंझुनूं जिले के 2 दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

प्रेस विज्ञिप्त जारी करते हुए न्याय मित्र गुप्ता ने बताया कि उन्हें माननीय न्यायालय द्वारा शेखावाटी अंचल की तीनों निकायों का न्याय मित्र नियुक्त किया गया है। इस दायित्व का पूर्ण निर्वहन करते हुए उनके द्वारा लगभग डेढ़ साल के समय से यहां सतत निरीक्षण किया जा रहा है और समय–समय पर उचित दिशा निर्देश भी प्रदान किया जा रहे हैं। शेखावाटी अंचल की नगर परिषद झुंझुनूं जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक नगर भी है। इसके साथ ही नगर पालिका नवलगढ़ भी इस अंचल का प्रमुख कस्बा हैं। अब लक्ष्य यह है कि केंद्रीय शहरी एवं आवासन मंत्रालय द्वारा आगामी राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में उक्त निकाय अपनी–अपनी श्रेणी में अव्वल स्थान प्राप्त करें। शेखावाटी क्षेत्र अपने ऐतिहासिक और पुरा वैभव को संजोए हुई हवेलियों के लिए प्रसिद्ध है। अब इस क्षेत्र को राजस्थान प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर के 4 हजार 400 से अधिक निकायों के साथ स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा करते हुए अव्वल स्थान तक पहुंचाया जाएगा। न्याय मित्र गुप्ता ने नगर परिषद झुंझुनूं के आयुक्त और नगर पालिका नवलगढ़ के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखते हुए निर्देशित किया है कि दो दिवसीय दौरे में उनके द्वारा उक्त निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए गए कार्यों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही दोनों निकाय द्वारा पूर्व में प्रेषित की गई पालना रिपोर्ट का भी निरीक्षण किया जाएगा।

## भारत को रेबीज मुक्त का संकल्प दोहराया

**झुंझुनूं**, (निसं)। राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल कार्यक्रम के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. एमएल सालोदिया ने मंगलवार को सीएमएचओ सभागार में नगर परिषद, वेटनरी और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की ओरियेंटेशन मीटिंग बुला कर 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त का संकल्प दोहराया। उन्होंने बताया कि रेबीज के 90 प्रतिशत केस डॉग बाइट की वजह से आते हैं। साथ ही रेबीज के 40 प्रतिशत केस 15 साल से कम आयु के बच्चों के आते हैं। इसलिए बच्चों के मामले में बहुत अधिक सावधानी बरतनी होगी। डॉ. सालोदिया ने बताया कि, पालतू जानवरों को अपनी निगरानी में रखना और एंटी रेबीज के टीके लगवाने चाहिए, अपने पालतू जानवर को अज्ञात जानवर काट ले या जानवर में रेबीज के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत पशु चिकित्सक को दिखाना चाहिए और एंटी रेबीज के टीके लगवाने चाहिए। साथ ही कुत्तों या जानवर के काटने पर तुरंत घाव को 15 मिनट तक साफ पानी से धोना चाहिए स्प्रिट, एल्कोहल या पोवाडीन आदि का इस्तेमाल करना चाहिए ।भारत को रेबीज मुक्त का संकल्प दोहराया गया है।

## वकीलों का धरना आठवें दिन भी जारी

**तारानगर**, (निसं)। उपखंड अधिकारी तारानगर रवी कुमार व अभिभाषक संघ तारानगर के बीच चल रहे विरोध के चलते उपखंड अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर वकीलों का कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन धरना आठवें दिन मंगलवार को भी जारी रहा।

इस दौरान अभिभाषक संघ तारानगर के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार यादव ने उपखंड अधिकारी रवि कुमार द्वारा धरनास्थल पर जबरदस्ती अपने वाहन को खडा करवाने व अधिवक्ताओं के साथ ज्यादती करने का आरोप लगाया।

वहीं धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट देवकीनंदन शर्मा, मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश सहारण, पवन योगी, जिताराम शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रितम सिंह, राजेश सांकरोत, अनिल शर्मा, अशोक सिहाग, देवकरण प्रजापत, ललित देव नैण, अमित कुकणा, मनोज सहारण, धर्मपाल स्वामी, मो.आदिल, नरेन्द्र प्रजापत व भागीरथ योगी सहित अधिवक्ता बंधु मौजुद रहगे।

# राजकीय बी.डी.के. अस्पताल में हीट वेव की मॉकड्रील की गई

■ आपातकालीन इकाई में उपलब्ध दवाइयों, स्टाफ के प्रशिक्षण आदि की जांच की गई

**झुंझुनूं**, (निसं)। आरसीएचओ डॉ. डीएन सिंह के द्वारा राजकीय बीडीके अस्पताल में हीट वेव की मॉक ड्रील की गई। आपातकालीन ईकाई में फिजिशियन एवं शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा हीट वेव से पीड़ित रोगी के आने पर प्रारंभिक उपचार का डेमों दिया गया है।

आपातकालीन इकाई में उपलब्ध दवाइयों, स्टाफ के प्रशिक्षण आदि की जांच की गई। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि बच्चों में दोपहर में घर में नियंत्रित रखना काफ़ी मुश्किल है। उन्होंने बताया कि बच्चों को दोपहर के समय तेज धूप एवं लू से बचाकर रखें।

समय समय पर तरल पेय पदार्थ का सेवन करते रहें। बाहर जानें से पूर्व एवं बाहर से आने के बाद पानी का सेवन अवश्य करें। तेज धूप के समय छायादार जगह पर विश्राम करें। लू तापघात से ग्रसित होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर परामर्श लेवें। डॉ. डीएन सिंह ने बताया कि पीएचसी, सीएचसी एवं जिला अस्पतालों में हीट वेव की मॉक–ड्रील की जाएगी तथा आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। ताकि हीट वेव की चपेट में आने से बचा जा सके। इस दौरान पीएमओ डॉ. संदीप पचार, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू, डॉ. पूनम बुडानिया, हेल्थ मैनेजर डॉ. नावेद अख़्तर मौजूद रहे।



पीड़ित रोगी के आने पर प्रारंभिक उपचार का डेमों दिया गया है।

## प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**सादुलपुर**, (निसं)। राजगढ खेमाणा रोड स्थित आशा देवी विद्यालय में मंगलवार को अंग्रेजी कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कविता गायन प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ–चढकर भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने भिन्न–भिन्न प्रकार की अंग्रेजी कविताओं का गायन किया तथा श्रोताओं की प्रशंसा बटोरी। विजेताओं को विद्यालय प्रबन्धन व शिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने अपने उद्बोधन में बताया की ऐसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताए संगीत शैलियों और परम्पराओं को बढावा देती है जो कि बच्चों के सर्वांगीण विकास मे सहायक है। सरंक्षिका आशा देवी पूनियां ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी अपने मूल–भाव को व्यक्त कर पाते हैं। विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों में पढने की आदत विकसित करने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाती है एवं बच्चों का मनोबल बढाती है तथा उन्होने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस मौके पर विद्यालय प्रबन्धक सुघन सिंह जडिया, सपना सोनी, रूकसाना एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



**रतनगढ़**,(निसं)स्काउट व गाइड संघ की और से चालए जा रहे परिंडा लगाओ अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय नुवां रोड़ पर स्तिथ एक निजी होटल के पास पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उसमे नियमित पानी डालने की जिमेदारी तय की गई। इस दौरान संघ प्रधान संतोष कुमार इंदौरिया, सचिव नरेंद्र स्वामी, दिलीप सिंह चारण, कुलदीप व्यास, जगदीश प्रसाद, भैराराम प्रजापत, राकेश कुमार, डूंगरराम प्रजापत, सुखाराम बांगड़वा, रोहित प्रजापत, जयचंदलाल भाटी, मोहनलाल कुम्हार, रामचंद्र प्रजापत आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को किया सम्मानित



**चूरू, (कासं.)।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी उच्च मा. विद्यालय में मंगलवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा–4 तक के नन्हें–मुन्नें बच्चों के परीक्षा–परिणाम की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान स्वागत भाषण विजय कुमार शर्मा ने दिया। इस अवसर पर कक्षा–वार रिजल्ट की घोषणा संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जांगिड़ ने की। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को ट्रस्ट के प्रतिनिधि अजय शर्मा व सुरेश शर्मा ने माल्यार्पण कर, दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। उप प्रधानाचार्य जगदीश धुंआ ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भंवरी देवी, देवकन्या, अरुणा बीका, कमल शर्मा, दीनदयाल जांगिड़ ने आयोजकीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सपना शर्मा ने किया।

### शल्य चिकित्सा के लिए 25 चिन्हित

**सीकर।** स्वतंत्रता सेनानी अधिवक्ता और सीकर नगर पालिका के प्रथम सभापति पंडित मन्मथ कुमार मिश्र की 22 वी पुण्यतिथि पर नेत्र जांच एव चिकित्सा शिविर का आयोजन पंडित मन्मथ कुमार योगेंद्र मिश्र स्मृति प्रन्यास की ओर से बिंदल आई हॉस्पिटल में किया गया शिविर में कुल 200 जनो की जांच की गई और 25 व्यक्तियों को शल्य चिकित्सा हेतु चिन्हित किया गया।शिविर में डॉक्टर नरेंद्र चौहान की चिकित्सा टीम ने अपनी सेवाएं दी शिविर में बिंदल हॉस्पिटल के निदेशक नटवर बिंदल वेदप्रकाश बिंदल एडवोकेट पुरुषोत्तम शर्मा सबलपुरा अतुल शर्मा रविन्द्र सिंह महेश कुमार मिश्रा उमेश कुमार मिश्रा आनंद कच्छावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश सैनी इतिहास पाराशर सहित अधिवक्तागण, पत्रकार और गणमान्य जन उपस्थित रहे।एडवोकेट हरीश मिश्रा और योगेश मिश्रा द्वारा शिविर में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### किशोर गृह का निरीक्षण किया



**झुंझुनूं**, (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं सचिव अंकित रमन द्वारा सोमवार को राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, शिशु गृह झुंझुनूं का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सचिव अंकित रमन के द्वारा सर्वप्रथम किशोर गृह का निरीक्षण किया जाकर वहां आवासरत बालकों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनकी उचित देखभाल करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके उपरांत राजकीय संप्रेषण गृह झुंझुनूं का निरीक्षण किया जाकर वहां निरूद्ध बालकों से वार्तालाप कर उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, उनकी दिनचर्या एवं शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं संप्रेषण एवं किशोर गृह, झुंझुनूं के स्टाफ से बालकों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य, देखरेख आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इसके उपरांत संप्रेषण एवं किशोर गृह में निरूद्ध बालकों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में, साक्षी संरक्षण स्कीम, उनके मूल अधिकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

### पक्षियों के लिए परिंडे बांधे



**झुंझुनूं**, (निसं)। सोती के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में इको क्लब की ओर से भीषण गर्मी के चलते पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधे गए। संस्था प्रधान संतोष कुलहरि ने परिंडा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, शिक्षिका इंद्रा महला, बीएड प्रशिक्षु पूनम कुमारी एवं रणजीत गुर्जर कोहली समेत अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे। संस्था प्रधान संतोष कुलहरि ने बताया कि पशु पक्षी हमारे जीवन का हिस्सा है। इसलिए इसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। क्योंकि पशु–पक्षी जिंदा रहेंगे तो हम सब पर्यावरण संरक्षित रख सकेंगे। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए इको क्लब की ओर से विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। इसके अलावा विद्यार्थियों को भी परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**चिड़ावा।** गर्मियों में जैसे–जैसे पारा चढ़ता है, पक्षियों के लिए दाना–पानी ढूंढ पाना भी उतना ही मुश्किल होता जाता है। ऐसे में चिड़ावा की गांधीनगर कॉलोनी वासियों ने सेवानिवृत सुबेदार जगमाल सेहरावत की अगवाई में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिंडे व चुग्गा पात्र लगाने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए कॉलोनी के विभिन्न स्थानों और मंदिर प्रांगण में दाना–पानी के लिए परिंडे लगाए। कैप्टल दरियासिंह पायल ने सभी को सार संभाल की ज़िम्मेदारी की शपथ दिलवाई। इस दौरान धर्मपाल पूनिया, चंद्रभान लाम्बा, प. योगेश सहल, रोहिताश राव, प्रदीप कड़वासरा, कुलदीप कुल्हार, प्रदीप डारा आदि शामिल रहे।

### जिला निष्पादन समिति की बैठक कल

**सीकर**, (निसं.)। जिला साक्षरता अधिकारी एवं सतत् शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार लाटा ने बताया कि जिला निष्पादन समिति (साक्षरता) की बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में 9 मई 2024 को सायं 4.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया जायेगा।



टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह अपनी छाप छोड़ेगा। उसके खिलाफ बल्लेबाजी करना काफी कठिन है।
- कीरोन पोलार्ड

मुंबई इंडियंस के कोच, जसप्रीत बुमराह के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** एमआर पूवम्मा



**पेरिस** ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने वाली भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सबसे सीनियर खिलाड़ी एमआर पूवम्मा एक उदाहरण बनी हैं। इस दौरान पूवम्मा ने कहा कि दो साल के प्रतिबंध के बाद 34 साल की उम्र में वापसी करना कोई मजाक नहीं है। पूवम्मा ने साबित कर दिया कि अगर शरीर साथ दे तो उम्र मायने नहीं रखती है। विश्व एथलेटिक्स रिले की हीट में दूसरे स्थान पर रहते हुए वह पेरिस खेलों में जगह बनाने वाली भारतीय टीम की सबसे सीनियर सदस्य पूवम्मा को 2021 में डोपिंग अपराध के लिए दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को टेस्ट मैच के दूसरे दिन ही एक पारी और 21 रन से हराकर दो दिन में जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम का दर्जा मिला। इससे पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया यह सम्मान पा चुकी है।

# दिल्ली ने राजस्थान को 20 रन से हराया

## आरआर के प्लेऑफ का इंतजार बढ़ा, मैगर्क-स्टब्स की फिफ्टी, कुलदीप, मुकेश और खलील को 2-2 विकेट मिले

नयी दिल्ली, 7 मई। दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 56वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने पिछले मुकाबले में मिली हार का हिसाब बराबर कर लिया। इतना ही नहीं, कैपिटल्स ने रॉयल्स के प्लेऑफ में पहुंचाने का इंतजार भी बढ़ा दिया है। को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अब भी एक और जीत की जरूरत है।

दिल्ली ने होमग्राउंड पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। खलील अहमद, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए। से संजू सैमसन ने 46 बॉल पर 86 रन की पारी खेली। रियान पराग ने 27 और शिवम दुबे ने 25 रन बनाए।

दिल्ली से ओपनर जैक फ्रेजर-मैगर्क (50 रन) और अभिषेक पोरेल (65 रन) ने अर्धशतक जमाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 41 रन बनाए। राजस्थान से रचिचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा और ट्रेंट बोल्ट को एक-एक विकेट मिला। अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 56वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 222 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।



बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (60) रन जोड़े। पांचवें ओवर में आर अश्वनि ने जैक फ्रेजर को फरेरा के हाथों कैच आउट कराया।

जैक फ्रेजर ने 20 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाये। शो होप एक रन बनाकर रनआउट हुये। 10वें ओवर में अश्विन ने अक्षर पटेल (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक पारेल ने 36 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक (65) रन बनाये। उन्हें अश्विन ने संदीप के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान रिषभ पंत ने 13 गेंदों में 15 रन बनाये। उन्हें चहल ने बोल्ट के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में गुलबदीन नईब 15 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुये (41)रनों की पारी खेली।

रासिख सलाम (9) रन बनाकर आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। कुलदीप यादव (5) रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रवि अश्विन ने तीन विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# रोहित को टी-20 विश्वकप से पहले ब्रेक की जरूरत : माइकल क्लार्क



मुंबई, 7 मई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने रोहित शर्मा के लगातार खराब स्कोर को तूल नहीं दिया लेकिन कहा कि 'थके हुए' भारतीय कप्तान को टी20 विश्व कप से पहले तरोताजा होने के लिये ब्रेक की जरूरत है। अगले महीने टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करने जा रहे रोहित पिछली पांच पारियों में चार बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। इस साल आईपीएल से पहले रोहित ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली थी।

दरअसल, क्लार्क ने स्टार स्पोटर्स से कहा ,'' रोहित अपने प्रदर्शन का खुद बेहतर आकलन कर सकता है। वह निराश होगा खासकर उसने जितनी शानदार शुरूआत की थी। मेरे ख्याल से वह थका हुआ भी है।'' उन्होंने कहा ,'' ऐसे में तरोताजा होने के लिये एक ब्रेक बहुत जरूरी है। लेकिन वह मुंबई इंडियंस का भी अहम खिलाड़ी है। उसे ब्रेक मिलना मुश्किल है। उसे फॉर्म में लौटना होगा। रोहित जैसे खिलाड़ी के लिये यह मुश्किल नहीं है। वह इतना प्रतिभाशाली है कि ज्यादा दिन फॉर्म का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।'' क्लार्क ने हार्दिक पंड्या की भी तारीफ की जिसने सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट से मिली जीत में तीन विकेट चटकाये। क्लार्क ने कहा ,''पिछले कुछ मैचों में वह विकेट ले रहा था। एक हरफनमौला के लिये एक विभाग में सफलता मिलने से दूसरे में आत्मविश्वास लौटता है।

# प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ और हैदराबाद का मैच आज

हैदराबाद, 7 मई। अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0. 065) लखनऊ (माइनस 0. 371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं।

सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं।

युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती , मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है।

दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है।अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।

## इगोर स्टिमक ने भुवनेश्वर शिविर के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

भुवनेश्वर, 7 मई। भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की। पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटायेंगी।

**संभावित खिलाड़ियों की सूची में**

गोलकीपर : पी तेमपा लाचेंपा, विशाल कैथ
डिफेंडर : आकाश मिश्रा , अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, शुभाशीष बोस,
मिडफील्डर : अनिरूद्ध थापा, दीपक टंगड़ी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद मौजूद रहेंगे।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए सूर्यकुमार यादव कर रहे हैं सीक्रेट तैयारी



मुंबई, 7 मई। टी20 वर्ल्ड कप करीब है। आईपीएल खेलते हुए भी भारतीय खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव ने इसके बारे में जानकारी दी है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेहतरीन शतक बनाने के बाद सूर्या जियो सिनेमा पर कमेंट्री पैनल से बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप भी दिमाग में है। इसको लेकर वह खास तरह से तैयारी कर रहे हैं और दोपहर के वक्त भी प्रैक्टिस कर रहे हैं।

बता दें कि, हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में सूर्या ने 51 गेंदों पर 102 रनों की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 6 शानदार छक्के भी लगाए। सूर्या की इस पारी की बदौलत तीन विकेट गंवाकर संकट में फंसी मुंबई ने ये मैच जीत लिया।

वहीं इस दौरान जब सूर्या से पूछा गया कि टी20 वर्ल्ड कप करीब आ रहा है। इसको लेकर आपकी तैयारी कैसी चल रही है। इस सवाल के जवाब में भारतीय बल्लेबाज ने अपना राज खोला। उन्होंने बताया कि भले हम आईपीएल खेल रहे हैं लेकिन कहीं न कहीं दिमाग में टी20 वर्ल्ड कप चल तो रहा ही है। सूर्या ने बताया कि इसको लेकर भी मैं तैयारी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि दोपहर के वक्त भी प्रैक्टिस करने ठाांउंड पर पहुंच जा रहा हूं। इसके पीछे की वजह बताते हुए सूर्यकुमार यादव ने कहा कि असल में यूएसए और वेस्टइंडीज में मैच दिन के वक्त ही खेले जाने हैं। इसलिए मैं अभी दिन में बैटिंग कर रहा हूं ताकि ये अभी से आदत में आ जाए और वहां जाने के बाद एकदम से नया ना लगे।

## पीजीडीएवी कॉलेज ने सीवीएस कॉलेज को 80 रनों से हराया

नयी दिल्ली, 7 मई। श्रेष्ठ पी. यादव के शानदार शतक की मदद से पीजीडीएवी कॉलेज ने द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में सी.वी.एस. कॉलेज को 80 रनों से से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पीजीडीएवी कॉलेज ने 20 ओवर में चार विकेट पर 210 रन बनाए। श्रेष्ठ पी. यादव ने 69 गेंदों में 115 रनों की पारी खेली। पीजीडीएवी के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के कारण सीवीएस कॉलेज की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 130 रन ही बना सकी और 80 रन से मुकाबला हार गई। सीवीएस कॉलेज के प्रथम गोसाईं ने 38 एवं ऋषि आर्यन ने 33 रन बनाए। श्रेष्ठ पी. यादव को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

## बारिश के कारण लखनऊ से गुवाहाटी, गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही केकेआर

लखनऊ, 7 मई। खराब मौसम के कारण कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम का विमान सोमवार शाम कोलकाता में उतर नहीं कर सका और वह लखनऊ से गुवाहाटी, गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही। केकेआर की मीडिया टीम ने बताया कि टीम को ले जा रहे विमान ने शाम 5:45 पर लखनऊ से उड़ान भरी और उनके विमान को शाम 7.25 बजे उतरना था लेकिन बारिश के कारण उनके विमान को उतरने की इजाजत नहीं मिली। रात 8.46 बजे उन्हें बताया गया कि कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनके विमान को गुवाहाटी भेजा जा रहा है। इसके बाद रात 9.43 बजे पता चला कि हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है और हम रात 11 बजे कोलकाता पहुंचेंगे। इसके बाद देर रात 1.15 बजे सूचना मिली कि मौसम खराब है और विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अब इस वाराणसी भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीम मंगलवार को तड़के तीन बजे वाराणसी पहुंची और यहां के ताज गंगाज होटल में रात बितायी। उन्होंने बताया कि अब केकेआर की टीम के विमान को मंगलवार को अपराह्न 1.15 बजे वाराणसी से कोलकाता के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है। केकेआर की टीम को शनिवार को अपने घरेलु मैदान पर मुंबई इंडियन के साथ खेलना है। इसके बाद अहमदाबाद में 13 मई को गुजरात टाइटंस और 19 मई को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के साथ मैच हैं। केकेआर की टीम पिछले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रन से हराकर अंक तालिका में पहले स्थान पर है।

## बाबर आजम और इमाद वसी के बीच नोंकझोंक का वीडियो वायरल

पाकिस्तान, 7 मई। टी20 वर्ल्ड कप के लिए सभी टीमों का ऐलान हो चुका है लेकिन पाकिस्तान ने अभी तक अपने स्क्वॉड का ऐलान नहीं किया है। फिलहाल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए अपनी 17 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान जरूर किया है, जिसके बाद इसी में से 15 खिलाड़ी आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए फाइनल होंगे। वहीं पाकिस्तान के इस स्क्वॉड में मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम की वापसी हुई है। साथ ही इन दिनों पाकिस्तान टीम आयरलैंड के दौरे पर निकलने से पहले लाहौर में ट्रेनिंग कैंप में प्रैक्टिस कर रही है। इस बीच कप्तान बाबर आजम और इमाद वसी के बीच नोकझोंक का वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। बता दें कि, मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप को लेकर दोनों ने ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया। जिसके बाद उन्हें पाकिस्तान स्क्वॉड में वापसी मिल गई है। पाकिस्तान की प्रैक्टिस सेशन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ऐसा लग रहा है कि कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद आमिर के बीच तोड़ी अनबन देखने को मिल रही है। लेकिन ये वीडियो सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में कप्तान बाबर आजम और इमाद किसी बात को लेकर बहस करते हुए दिख रहे हैं। कुछ समय पहले ही इमाद वसीम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें बाबर से कोई तकलीफ नहीं है। इमाद वसीम ने इंटरव्यू में कहा था कि, हमारा बाबर आजम से कोई इश्यू नहीं हैं, वह टीम का कप्तान है और हम सब उसको सपोर्ट कर रहे हैं हो सकता है बाबर आजम इसलिए फिर से कप्तान बनाया गया है।

# टी-20 में बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को नौ रन से हराया



चटगांव, 7 मई। मोहम्द तौहीद हदोय की शानदार अर्धशतकीय (57) की पारी की बदौलत बंगलादेश ने मंगलवार को टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को नौ रन से हरा दिया और इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज में (3-0) की अजेय बढ़त बना ली।

166 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर महज 156 रन ही बना सकी। जिम्बाब्वे की ओर से सबसे ज्यादा फराज अकरम ने 34 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, तड़िनाशे मारुमानी (31), जोनाथन कैंपबेल (21), वेलिंग्टन मसाकाट्ज (13), क्लाइव मंडाडे (11), जॉयलार्ड गाम्बी (9), क्रेंग एर्विन (7), त्युक जॉन्गवे (2) और कप्तान सिकंदर रजा ने एक रन का योगदान दिया। ब्लेसिंग मुजराबानी (9) रन बनाकर नाबाद रहे।

बंगलादेश की ओर से मोहम्मद सैफुद्दीन ने तीन विकेट झटके। इसके अलावा रियाज हुसैन (2), तनवीर हसन, तास्किन अहमद, तनजीब हसन साकिब और महमुदउल्लाह ने क्रमश: एक-एक विकेट हासिल किया। बंगलादेश के मोहम्द तौहीद हदोय को शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

इससे पहले आज यहां तीसरे टी-20 मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बंगलादेश की टीम 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए और जिम्बाब्वे की जीत के लिए 166 रन का लक्ष्य दिया। बंगलादेश की ओर से मोहम्द तौहीद हदोय के अलावा जाकेर अली सर्वाधिक (44), तांजिद हसन (21), लिटन कुमार दास (12)और कप्तान नजमुल शान्तो (6) रन बनाकर आउट हुये। महमुदउल्लाह (9), रियाद हसन (6) रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंह मुजराबानी ने तीन विकेट झटके। वहीं, फराज अकरम और सिंकदर राजा को क्रमश: एक-एक विकेट मिले।

# भारत-वेस्टइंडीज के बीच होगा फाइनल : लारा

## महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने ट्वंटी-20 विश्वकप को लेकर की भविष्यवाणी



वेस्टइंडीज, 7 मई। महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप 2024 को लेकर एक बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि वह भारत वेस्टइंडीज के बीच इस टूर्नामेंट का फाइनल हो। लारा ने साथ ही कहा कि सूर्यकुमार यादव को भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। दिग्गज बल्लेबाज ने बताया कि विश्व कप में भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल होने से 2007 में हुई गलती की भरपाई हो जाएगी जब वेस्टइंडीज में हुए वनडे विश्व कप में भारत के जल्दी बाहर होने से मेजबान को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को टीम में रखा है जबकि शुभमन गिल और रिंकू सिंह जैसे युवा रिजर्व में हैं। सूर्यकुमार मुख्य टीम में है. लारा ने स्टार स्पोटर्स द्वारा पीटीआई संपादकों से कराए गए संवाद में कहा, मेरी सलाह यह होगी कि सूर्यकुमार यादव को तीसरे नंबर पर उतारा जाए।

## क्रिकेटर शाकिब अल हसन ने की घटिया हरकत, फैन के साथ मारपीट की

बांग्लादेश, 7 मई। शाकिब अल हसन बहुत लंबे अरसे से बांग्लादेश के लिए खेल रहे हैं। वो अकसर मैदान और उससे बाहर अपने बर्ताव के लिए चर्चाओं में बने रहते हैं। कुछ समय पहले उन्हें एक अंपायर के साथ बदतमीजी करते देखा गया था। एक बार शाकिब अपनी पत्नी के लिए स्टैंड्स में एक व्यक्ति को पीटने जा पहुंचे थे। अब एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसमें शाकिब फिर से अपने खराब बर्ताव के कारण सुर्खियों में आ गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में शाकिब अल हसन ग्राउंड स्टाफ के साथ खड़े हैं। तभी एक बैंगनी कलर की जर्सी और नीली टोपी पहना हुआ व्यक्ति शाकिब के पास आकर सेल्फी लेने की मांग करता है। जैसे ही वह फैन सेल्फी लेने के लिए फोन आगे करता है तभी बांग्लादेशी दिग्गज शाकिब अल हसन भड़क उठते हैं।

# रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेगी : युवराज सिंह



मुंबई, 7 मई। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2007 का खिताब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में जीता था। लेकिन उसके बाद से ही टीम इंडिया ये खिताब नहीं जीत पाई है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले एडीशन सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था तब टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी।

पिछले साल टीम इंडिया को वनडेवर्ल्ड कप 2023 और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हार मिली थी। अब अगले महीने रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी और आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेगी। अब इस पर भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने बड़ा बयान दिया है।

टी20 विश्व कप के ब्रांड एबेंसडर युवराज सिंह ने आईसीसी से कहा कि रोहित शर्मा की मौजूदगी काफी अहम होगी। हमें अच्छे कप्तान और समझदार कप्तान की जरूरत है, जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है। जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे तब रोहित ही कप्तान थे। उसने बतौर कप्तान पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है।

भारतीय टीम में 2007 में डेब्यू करने वाले रोहित शर्मा के सफर को युवराज सिंह ने करीब से देखा है। रोहित से पहली मुलाकात के बारे में पूछने पर युवराज ने मजाकिया लहजे में कहा कि बहुत खराब अंग्रेजी। उन्होंने कहा कि बहुत मजेदार शख्स है। हम उसे हमेशा छेड़ते आए हैं। लेकिन दिल का बहुत अच्छा है। युवराज ने कहा कि इतनी सफलता मिलने के बाद भी वह बदला नहीं है। यही रोहित शर्मा की खासियत है। हमेशा हंसी मजाक करता रहता है। बेहतरीन कप्तान और मेरे करीबी दोस्तों में से एक। मैं चाहता हूं कि वह विश्व कप जीते और उसे विश्व कप पदक के साथ देखना चाहता हूं। वह उसका हकदार है।

## धर्मशाला क्रिकेट मैदान में भारत की पहली हाईब्रिड पिच स्थापित

धर्मशाला, 7 मई। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत की पहली हाईब्रिड पिच स्थापित की गयी है। भारत की पहली एस.आई.एस. ग्रास हाईब्रिड पिच का अनावरण सोमवार को आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल और इंगलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एवं एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पाल टेलर ने किया। इस अवसर पर अरुण धूमल ने कहा कि बीसीसीआई हर साल करीब अढ़ाई हजार मैच करवा रही है, लेकिन हम भी सिर्फ मुख्य विकेट पर ही ध्यान दे पाते हैं और अभ्यास विकेट व आसपास की विकेट पर ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में पांच प्रतिशत फाइवर का प्रयोग करके क्वॉल्टी ग्रास के साथ हाईब्रिड पिच स्थापित की गई है। जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल तेलंगाना चुनावी दौरे पर

## मंगलवार को भजनलाल ने तेलंगाना के पेद्दापल्ली में भाजपा प्रत्याशी जी. श्रीनिवास के समर्थन में सभा की



- मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि, तेलंगाना की जनता को डबल आर टैक्स देना पड़ता है और यह काले धन के रूप में दिल्ली जा रहा है।
- भजनलाल ने कहा कि, बी.आर.एस. सरकार की तरह राज्य की कांग्रेस सरकार भी झूठे वादों व भ्रष्टाचार की राजनीति कर जनता का शोषण कर रही है।

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब चुनाव प्रचार के लिए तेलंगाना प्रवास पर गये हैं। मु.मंत्री ने मंगलवार तेलंगाना के पेटापल्ली में भाजपा उम्मीदवार गोमासा श्रीनिवास के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।*

पेद्दापल्ली, 7 मई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल ने मंगलवार को तेलंगाना के पेद्दापल्ली में भाजपा के प्रत्याशी गोमासा श्रीनिवास के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, कांग्रेस ने देश को झूठे वादों, वोट बैंक की राजनीति, माफियाराज, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया है।

तेलंगाना में जनता कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। यहां के कारोबारियों और ठेकेदारों को पीछे के दरवाजे से डबल आर टैक्स देना पड़ता है और इस टैक्स का एक बड़ा हिस्सा कालेधन के रूप में दिल्ली जा रहा है। इस टैक्स से त्रस्त जनता भाजपा को प्रचण्ड बहुमत देने का मन बना चुकी है।

उन्होंने कहा कि, तेलंगाना में पहले बी.आर.एस. सरकार ने लोगों के हितों पर कुठाराघात करने का काम किया, जिसके भ्रष्टाचार का प्रतीक मनैर नदी पर बना पुल था, जो भरभरा कर गिर गया। बी.आर.एस. के बाद अब कांग्रेस अपने झूठे वादों और भ्रष्टाचार की राजनीति से जनता का शोषण कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, विपक्षी गठबंधन इण्डिया, भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों का गठजोड़ है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा किए गए शराब घोटाले में बी.आर.एस. से जुड़े लोग भी संलिप्त पाये गए हैं। इसी आप पार्टी के साथ कांग्रेस मिलकर चुनाव भी लड़ रही है। जब इस भ्रष्टाचारी गैंग के खिलाफ मोदी सरकार ने कार्रवाई की तो ये सभी फिर चोर-चोर मोसेरे भाई बन गए।

मु.मंत्री ने आगे कहा कि, कांग्रेस ने यहां सरकार बनने के 100 दिनों के अंदर किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था, लेकिन सरकार बने महीनों बीतने के बाद भी वो वादा पूरा नहीं हुआ है। कांग्रेस के शासन में किसान, युवा, महिला और वंचित हमेशा हाशिये पर ही रहता है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसे अभूतपूर्व फैसले लिए हैं, जो कांग्रेस सपने में भी नहीं सोच सकती है। कश्मीर में धारा 370 को हटाना हो या अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर का निर्माण, ये केवल मोदी के नेतृत्व में ही हो सकता है।

उन्होंने कहा कि, मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। सन् 2027 तक हम विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। मोदी का एक ही मूल मंत्र है- जनता जनार्दन की सेवा।

मुख्यमंत्री ने जनता से पेद्दापल्ली लोक सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्रीनिवास को भारी मतों से जिताने का आव्हान किया।

## सोनिया गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और प्रधानमंत्री व भाजपा पर देश में नफरत का माहौल बनाने का आरोप लगाया।

सोनिया गांधी ने देश के सामने मौजूद चुनौतियों का उल्लेख किया और कहा कि, आज देश के हर कोने में युवा वर्ग बेरोज़गारी का, महिलाएं उत्पीड़न का, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक भेदभाव का सामना कर रहे है।

यह वातावरण प्रधानमंत्री और भाजपा की खराब नीयत की देन हैं, उन्होंने देश में नफरत को बढ़ावा दिया है। सोनिया गाँधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र "न्याय पत्र" को हाइलाइट किया और जनता से कहा कि, आज फिर हमें आपके समर्थन की जरूरत है।

उनका वीडियो उस दिन आया जिस दिन 11 राज्यों की 93 सीटों पर मतदान था।

## पी.आर.एन. में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुकी है। हालांकि राज्य सरकार की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह सभी 17,500 भूखंडों का नियमन करेगी या नहीं। पिछले वर्ष मामले पर अदालत में सुनवाई के दौरान जे.डी.ए. ने कहा था कि अगर बिजली कनैक्शन दे दिया गया तो उक्त क्षेत्र के निवासी जे.डी.ए. का पट्टा लेने के इच्छुक ही होंगे। याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि, जे.वी.वी.एन.एल. के द्वारा कनैक्शन दिये जाने से जे.डी.ए. को सिर्फ "नोशनल" (काल्पनिक) हानि होगी क्योंकि वर्तमान में उक्त क्षेत्र में कोई नये पट्टे जारी नहीं किये जा रहे हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया था कि बिजली कनैक्शन जारी करना और पट्टे जारी करना दो अलग-अलग मुद्दे हैं, जिन्हें मिलाना नहीं चाहिये।

शुक्रवार को हुई जिरह के बाद मंगलवार को अदालत ने सभी तथ्यों को उद्धृत करते हुए कहा कि जे.डी.ए. के पास यह पूर्ण अधिकार है कि वह अवैध अतिक्रमण को हटा सकती है, या शहरी विकास विभाग की सहमति से उक्त क्षेत्र का नियमन भी कर सकती है। अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट की एकलपीठ के आदेश की वजह से जे.वी.वी.एन.एल. को बाध्य किया गया है और लोगों को उनके मूल अधिकार से वंचित किया जा रहा है। अदालत ने अपने आदेश में जे.वी.वी.एन.एल. को सभी अदालती आदेशों से मुक्त किया और कहा कि वे कानून के अन्तर्गत नये बिजली कनैक्शन जारी कर सकते हैं।

## हरियाणा में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"अल्पमत" में आ जाने के कारण सैनी से तुरंत इस्तीफा देने की मांग की है। यह कहते हुए कि, सैनी को एक मिनट भी मुख्यमंत्री बने रहने का अधिकार नहीं है, उन्होंने राज्य में तुरंत विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। वैसे भी विधानसभा चुनाव इस वर्ष नवम्बर में निर्धारित हैं। लेकिन तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के बाद समय से पूर्व चुनाव कराने की मांग जोर पकड़ सकती है।

## तीसरे चरण में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मतदान के प्रांरभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 56.55 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.99 प्रतिशत, दमन एवं दीव में 65.23 प्रतिशत वोटिंग हुई।

# डॉ. दीपक माहेश्वरी एस.एम.एस. मैडिकल कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल नियुक्त

## डॉ. सुशील भाटी को एस.एम.एस. अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक की जिम्मेदारी दी

जयपुर, 7 मई। राज्य सरकार ने अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एन.ओ.सी. प्रकरण में बड़ा एक्शन लिया है। इसके तहत सरकार ने सवाई मानसिंह (एस.एम.एस.) मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और एस.एम.एस. हॉस्पिटल के अधीक्षक के इस्तीफों के बाद सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक माहेश्वरी को एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल के तौर पर नियुक्त किया है। इसी के साथ डॉ. सुशील भाटी को एस.एम.एस. अस्पताल का कार्यवाहक अधीक्षक बनाया गया है। डॉ. सुधीर भंडारी को स्टेट ऑर्गन एण्ड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइज़ेशन (सोटो) चेयरमैन के पद से हटा दिया है।

दीपक माहेश्वरी वर्तमान में एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में सीनियर प्रोफेसर हैं। डॉ. सुशील भाटी एनैस्थीसिया डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर और एच.ओ.डी. हैं।

- डॉ. सुधीर भंडारी को स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइज़ेशन के चेयरमैन पद से हटाया।

राज्य सरकार ने प्रकरण में एक और बड़ा एक्शन लेते हुए डॉ. सुधीर भंडारी को स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइज़ेशन के सुचारू संचालन के लिए गठित स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमैन पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि, राज्य सरकार प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए लगातार एक्शन ले रही है।

दरअसल, एस.एम.एस. अस्पताल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी तरीके से एन.ओ.सी. जारी करने के मामले में सरकार ने एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के चेयरमैन डॉ. सुधीर भंडारी से इस्तीफे मांगे थे। इसके बाद इन डॉक्टरों ने अपने इस्तीफा भेज दिया था, जिसे सोमवार को सरकार ने मंजूर कर लिया।

◆◆◆

## 'मतदान से पूर्व उप मु.मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एच.डी. रैवन्ना को गिरफ्तार कर बुधवार तक के लिए पुलिस हिरासत में रखने का रिमाण्ड लिया गया है।

देवेगौड़ा के पुत्र कुमारास्वामी ने जद (एस) को बदनाम करने के षड़यंत्र में डी.के. शिवकुमार के शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस केस की जाँच कर रही स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम कुछ नहीं बल्कि "सिद्धारमैया इन्वैस्टिगेटिंग टीम और शिवकुमार इन्वैस्टिगेटिंग टीम" है। उन्होंने आरोप लगाया कि डी.के. शिवकुमार के भाई डी.के. सुरेश के निर्वाचन क्षेत्र बैंगलुरू रूरल में पैन ड्राइव्स सबसे पहले सर्कूलेट की गईं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जद (एस) के पोलिंग एजेन्ट ने उक्त निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर (आर.ओ.) को इसकी शिकायत दर्ज करवायी थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुमारास्वामी ने आगे बताया कि "पोलिंग एजेंट पूर्णचन्द्र को 21 अप्रेल को रात्रि 8 बजे एक मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें कहा गया था कि प्रज्वल रैवन्ना के अश्लील वीडियो देखने के लिए वॉट्सऐप चैनल को फोलो करें।

वॉट्सऐप पर एक मैसेज था "प्रज्वल के अश्लील वीडियो रिलीज़ होने की उल्टी गिनती।" उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत में नामित पाँच जनों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए, वीडियो को प्रसारित होने दिया गया।

कुमारास्वामी ने हर चीज़ की गलती निकालने के एक हताशा भरे प्रयास के अंतर्गत कहा कि उक्त पांच जनों को महिलाओं की मान मर्यादा गिरवी रखने के लिए गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उनके भतीजे द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न के कथित रिकॉर्डेड वीडियो की 25,000 पैन ड्राइव्ज़ बनाई गईं और उन्हें लोकसभा चुनाव से पूर्व पिछले सारे कर्नाटक में वितरित किया गया।

## ऑर्गन ट्रांसप्लांट फर्जी एन.ओ.सी. केस

जयपुर, 7 मई। राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर ह्यूमन ऑर्गन एवं टिशू ट्रांसप्लांट एक्ट 1994 के तहत ए.सी.पी. क्राइम को समुचित प्राधिकारी नियुक्त किया है। अधिनियम के तहत एक से अधिक समुचित प्राधिकारी नियुक्त किए जाने का प्रावधान है। डॉ. रश्मि गुप्ता पहले से ही समुचित प्राधिकारी के रूप में दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि, ह्यूमन ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी एन.ओ.सी. बनाने का प्रकरण सामने आने के बाद प्रभावी जांच की दृष्टि से राज्य सरकार ने कानूनी राय ली थी। इसके बाद ह्यूमन ऑर्गन एवं टिशू ट्रांसप्लांट एक्ट 1994 के प्रावधानों के तहत ए.सी.पी. क्राइम को समुचित प्राधिकारी नियुक्त किया है। ए.सी.पी. क्राइम के समुचित प्राधिकारी नियुक्त होने से इस प्रकरण में आपराधिक दृष्टि से जुड़े पक्षों पर भी गहन जांच-पड़ताल कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई संभव हो सकेगी।

- राज्य सरकार ने इस केस की जाँच के लिए ए.सी.पी. क्राइम को जाँच अधिकारी बनाया।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600